आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!

वर्ष-11। अंक 167। मूल्य - 2 रुपए। पृष्ठ-08। नगर संस्करण

इंदौर, व भोपाल, रायपुर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शनिवार, 21 जून, 2025

**गौशालाओं को 90 करोड़ रूपये की अनुदान राशि की अंतरित उत्कृष्ट गौशालाएं और गौ सेवियों को किया पुरस्कृत**

### पशुपालन एवं डेयरी विभाग अब पशुपालन, डेयरी एवं गौपालन विभाग होगा

# मध्यप्रदेश को बनाएंगे देश की डेयरी केपिटल : सीएम यादव

**मुख्यमंत्री निवास पर हुआ राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन**

**संवाददाता ● भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को देश की डेयरी केपिटल बनाएंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए गौ-पालकों और गौ-शाला संचालकों ने उत्साह से भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं को 90 करोड़ रुपए की अनुदान राशि अंतरित सिंगल क्लिक से की। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति आदेश भी दिए गए।

मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पूरा प्रदेश वनों से आच्छादित है। वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की व्यवस्था लागू की गई थी। राज्य सरकार ने अमृत समान गौ-माता का दूध खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि गौ-पालकों तक लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाय का दूध सम्पूर्ण आहार है। राज्य में हाईटैक गौशालाएं संचालित हो रही हैं। सरकार का अर्थ ही यह है कि गरीबों के जीवन से कष्टों का नाश हो और सुख का मार्ग प्रशस्त हो। राज्य सरकार ने गौशाला संचालन के लिए अनुदान राशि 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध किया है। प्रदेश का दूध उत्पादन पांच गुना करने का लक्ष्य है। वर्तमान में प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है और इसमें से लगभग आधा घरेलू उपयोग और शेष मार्केट तक पहुंचता है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर प्रदेश में दुग्ध से समृद्धि के लिए नई योजनाएं बना रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और संकलन के कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए समितियों की संख्या भी 9 हजार से बढ़कर 26 हजार करने का संकल्प है।

### प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन विभाग का नाम बदल कर अब इसे पशुपालन के साथ गोपालन विभाग भी कहा जाएगा। गौ- माता को सम्मान देते हुए इस विभाग के माध्यम से कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाएंगी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में गाय के पालन के लिए अनुदान दिया जा रहा है। गाय के गोबर से किसान खाद बनाएं, सरकार प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी। वर्तमान में इंदौर, देवास, रीवा एवं कुछ अन्य जिलों में गौ-शालाओं के माध्यम से सीएनजी गैस का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को रसायन मुक्त प्राकृतिक और जैविक खाद उपलब्ध हो रही है। बड़ी गौशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी। वर्तमान बजट में इसके लिए प्रावधान भी किया गया है। अगले तीन साल में गौ-पालन के क्षेत्र में प्रदेश का परिदृश्य बदलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 7 गौ-शालाएं पुरस्कृत हुई हैं और गौ सेवी भी सम्मानित हुए हैं। यह भोपाल, दमोह, अनूपपुर, रायसेन, छिंदवाड़ा, हरदा और विदिशा जिलों के हैं। कार्यक्रम में 73 गौशालाओं को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### गौ-माता के सम्मान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़कों पर घायल होने वाली गौमाता को गौशाला में पहुंचाएंगे। गौ माता अपनी कष्ट निवारण के लिए सड़क पर बैठती है, क्योंकि हमने उसे ऐसे ही छोड़ दिया है। वर्षाकाल में मच्छरों और कीड़ों से बचाव के लिए गाय और अन्य मवेशी सड़कों तक बैठने के लिए आ जाते हैं, क्योंकि वाहनों के आवागमन से हवा चलने पर उन्हें कष्ट से मुक्ति मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गायों और अन्य पशुओं के लिए भगवान श्रीकृष्ण समर्पित थे। प्रदेश के हर ब्लॉक में वृंदावन ग्राम बनाए जाएंगे। बच्चों को गाय का दूध मिलेगा तो उन्हें कुपोषण से मुक्ति मिलेगी।

### जिनके घर गाय वो गोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिनके घर गाय है, वे गोपाल है। मुख्यमंत्री निवास आज गौपालकों का निवास हो गया है। जहां गौमाता है, वहीं स्वर्ग है। हमें जन्म भले माता ने दिया है, पहली रोटी का अधिकार गौ-माता का ही है। सनातन संस्कृति में गौमाता का अहम स्थान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश गौ-पालन से संपन्न बन रहा है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वास्तव में गुजरात में अमूल संस्थान की स्थापना करवाई, हम प्राय: अमूल की प्रगति का श्रेय अन्य लोगों को दे देते हैं। गौ-पालन ऐसा माध्यम है, जो आय प्रदान करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौशाला संचालकों को अनुदान राशि का अंतरण किया एवं गौसेवा और गौशाला संचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को वर्ष 2023- 24 के लिए आचार्य श्री विद्यासागर जीवदया गौसेवा सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

### मध्यप्रदेश में बनेगी स्वाबलम्बी गौशालाएं: पटेल

पशुपालन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर गौ संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 9 अप्रैल 2024 से 29 मार्च 2025 तक गौ संरक्षण वर्ष मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में गौ संरक्षण एवं गौ सेवा के कार्य किए गए। सरकार ने प्रदेश में स्वावलंबी गौशालाएं बनाने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है।

### पीएम ने बताया अमेरिका न जाने का कारण

## ओडिशा आना जरूरी था, इसलिए ट्रंप को मना किया



**एजेंसी ● भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओडिशा के दौरे पर रहे। अपने दौरे के शुरुआत में उन्होंने राजधानी भुवनेश्वर में रोड शो किया। वहीं पीएम मोदी ने राज्य को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी है। इसमें पेयजल, सिंचाई, कृषि अवसंरचना, स्वास्थ्य अवसंरचना, ग्रामीण सड़कें और पुल, राष्ट्रीय राजमार्गों के खंड और एक नई रेलवे लाइन शामिल हैं। राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क के साथ बौध के एकीकरण के ऐतिहासिक क्षण पर पीएम मोदी ने पहली बार जिले में रेल संपर्क बढ़ाने वाली नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी भी दिखाई।

### यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है

वहीं जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आज 20 जून का दिन बहुत विशेष है। आज ओडिशा में पहली भाजपा सरकार ने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूरा किया है। यह वर्षगांठ सिर्फ सरकार की नहीं है; यह सुशासन की स्थापना की वर्षगांठ है। यह एक वर्ष जनसेवा और जनविश्वास को समर्पित है। मैं ओडिशा के लोगों को हृदय से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मैं मुख्यमंत्री मोहन माझी और उनकी पूरी टीम को भी बधाई देता हूं।'


### पीएम ने बताया क्यों ठुकराया ट्रंप का निमंत्रण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अपनी विदेश यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा- अभी दो दिन पहले, मैं जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा में था। मेरी यात्रा के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मुझे फोन किया। उन्होंने कहा, 'चूंकि आप पहले से ही कनाडा में हैं, तो वाशिंगटन क्यों नहीं आते? चलिए खाना खाते हैं और बात करते हैं।' उन्होंने गर्मजोशी से निमंत्रण दिया। मैंने संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति से सम्मानपूर्वक कहा, 'आपके निमंत्रण के लिए धन्यवाद, लेकिन मेरे लिए महाप्रभु की पवित्र भूमि पर जाना आवश्यक है।' और इसलिए, मैंने विनम्रतापूर्वक उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया, क्योंकि महाप्रभु के प्रति आपका प्रेम और भक्ति मुझे इस पवित्र भूमि पर खींच लाई।'

## राजनाथ सिंह SCO की मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे

**7 साल बाद किसी भारतीय मंत्री का दौरा**

**एजेंसी ● नई दिल्ली/बीजिंग**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे। यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं।

यह दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब भारत और चीन के बीच रिश्ते सामान्य करने की कोशिशें चल रही हैं। व्यापार, यात्रा और संवाद फिर से शुरू हो चुके हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा चालू है और डेपसांग और डेमचोक में गश्त की जानकारी भी सामने आई है।

### राजनाथ की चीनी रक्षा मंत्री से द्विपक्षीय वार्ता होगी

राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात लाओस में ADMM-प्लस शिखर सम्मेलन में हुई थी, जो सीमा विवाद के बाद पहली सीधी बातचीत थी।

### SCO क्या है, जहां रक्षा मंत्री हिस्सा लेंगे..

शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना 2001 में चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने मिलकर की थी। बाद में भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने और 2023 में ईरान भी सदस्य बन गया। SCO का उद्देश्य सदस्य देशों के बीच सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक सहयोग को बढ़ाना है। संगठन आतंकवाद, उग्रवाद, ड्रग तस्करी और साइबर अपराध जैसे मुद्दों पर साझा रणनीति बनाता है।

**कटिहार में हादसा**

## अवध असम एक्सप्रेस ने रेलवे ट्रॉली को उड़ाया, 1 की मौत

**3 कर्मचारियों की हालत गंभीर**
**ट्रैक पर काम रही थी टीम**

**एजेंसी ● कटिहार**

कटिहार में शुक्रवार को अवध असम एक्सप्रेस (15910) ट्रेन ने रेलवे ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली पर काम कर रहे एक ट्रॉलीमैन की मौत हो गई है। इस हादसे में 3 गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा सोनपुर रेल डिवीजन की है। कटिहार बरौनी रेल खंड के काढागोला और सेमापुर के बीच महारानी गांव के पास हादसा हुआ है। ट्रेन बरौनी से कटिहार डाउन लाइन पर आ रही थी। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रॉली पर 4 कर्मचारी ट्रैक का काम देख रहे थे। तभी पीछे से अवध असम एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रेन कटिहार जंक्शन में एक घंटे से ज्यादा देर तक खड़ी रही। 3.20 में ट्रेन वहां से रवाना हुई। इसके बाद उसे रवाना कर दिया गया है। रेलवे ट्रॉली को ट्रैक से हटाया गया है। ट्रेन में सवार महिला यात्री लाडो देवी ने बताया- 'हम ट्रेन की जनरल बोगी में सवार होकर कटिहार जंक्शन की ओर आ रहे थे। अचानक तेज झटका लगा और धीरे-धीरे ट्रेन रुक गई। काफी अफरा-तफरी मच गई।' 'हम लोग जल्दी-जल्दी बोगी से बाहर आए तो पता चला कि सामने से आ रही ट्रॉली को ट्रेन ने जोरदार टक्कर मारी है। 4-5 लोग उस पर सवार थे।' '3 लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। एक रेल कर्मी की मौत हो गई। ट्रेन सवा घंटे खड़ी रही उसके बाद ट्रेन कटिहार के लिए खुली।'

## छह साल बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा का आगाज, नाथूला मार्ग से 33 श्रद्धालु रवाना

**एजेंसी ● नई दिल्ली**



कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए नाथूला मार्ग से 33 तीर्थयात्रियों का पहला जत्था रवाना हो गया। इस मौके पर सिक्किम के राज्यपाल ने कहा कि केंद्र सरकार के अथक प्रयासों के कारण छह साल बाद यात्रा फिर शुरू हुई है।

सिक्किम के नाथूला दर्रे से कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 33 तीर्थयात्रियों और दो समन्वय अधिकारियों का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया। पूर्वी सिक्किम में भारत-चीन सीमा पर आयोजित एक समारोह में राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने यात्रा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने छह साल बाद यात्रा फिर शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों से संभव हो पाया है। यह यात्रा अगस्त तक चलेगी।

राज्य सरकार और सिक्किम की जनता की ओर से पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सीएस राव ने तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। पहले जत्थे के साथ दो समन्वय अधिकारियों में एक विदेश मंत्रालय से और दूसरा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) से हैं। उन्होंने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और यात्रा के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार ने संबंधित विभागों और अर्धसैनिक बलों के साथ समन्वय कर सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। सिक्किम के पर्यटन मंत्री टीटी भूटिया ने इस अवसर को ऐतिहासिक बताया। इस वर्ष 750 भारतीय तीर्थयात्रियों का कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए चयन किया गया है, जिनमें से 500 तीर्थयात्री 10 समूहों में नाथूला दर्रे से और 250 श्रद्धालु लिपुलेख दर्रे (उत्तराखंड) से यात्रा करेंगे।

www.adityabharat.com

हर ख़बर जरूरी है पाठक के लिए...!

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!
सदैव सत्य के साथ...
रायपुर,इंदौर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

आपके विचार लेख हमारी संपादकीय टीम को उचित लगता है तो जरूर प्रकाशित किया जाएगा...

mail id : editor@adityabharat.com

## शॉर्ट न्यूज

### फरदीन ने कमल बनकर छात्रा को फांसा, रेप कर किया ब्लैकमेल

**इंदौर।** विजय नगर इलाके में लव जिहाद का मामला सामने आया है। जहां आरोपी फरदीन ने कमल बनकर छात्रा से दोस्ती की फिर दुष्कर्म कर ब्लैकमेल किया। इसके बाद धर्म परिवर्तन का भी दबाव बनाया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की रिपोर्ट पर कमल उर्फ फरदीन खान निवासी गुना और उसकी दोस्त जोया खान निवासी खजराना के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पीड़िता को लेकर हिंदू संगठन के मानसिंह राजावत सहित अन्य लोग थाने लेकर पहुंचे। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि लॉकडाउन के दौरान उन्होंने अपनी बेटी को ऑनलाइन पढ़ाई के लिए मोबाइल फोन दिया था। कुछ दिनों से बेटी बहुत परेशान नजर आ रही थी। जब उसे पूछताछ की गई तो उसने कुछ नहीं बताया। संदेह होने पर जब मोबाइल फोन देखा गया तो उसमें बेटी और एक युवक की आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले। पूछताछ करने पर बेटी ने बताया कि नानी के घर लॉकडाउन के समय गुना में एक लड़का मिला तब उसने अपना नाम कमल बताया। दोनों में दोस्ती हो गई। कमल 6 जनवरी 2023 को नानी के घर आया तब कोई भी घर पर नहीं था उसे समय उसने जबर्दस्ती रेप किया और कुछ अश्लील फोटो और वीडियो मोबाइल में बना लिए। इसके बाद कई बार रेप किया। छात्रा ने बताया कि कमल ने 19 फरवरी 20 23 को अपने दोस्त रितेश के भावार्थ का स्थित रूम पर भी दुष्कर्म किया।

### जीजा ने किया साली से बलात्कार, वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल

**इंदौर।** हीरा नगर थाना क्षेत्र में एक छात्रा के साथ में उसके ही जीजा ने बलात्कार किया। बताया जाता है छात्रा इंदौर में पढ़ने के लिए आई थी। यहां पर अकेली रहती थी। इसी का फायदा उठाकर जीजा घर पर आया और बहन और उसके बच्चों को मारने की धमकी देकर उसके साथ में बलात्कार किया। इतना ही नहीं उसके अश्लील वीडियो बनाकर शोषण करता रहा। जब छात्रा की सगाई हुई तो रुम पर आकर हंगामा किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह वह शिवपुरी की रहने वाली है। वह इंदौर में पढ़ाई करने आई थी। हीरानगर थाना क्षेत्र में किराये का रूम लेकर रह रही थी। जीजा मेरे रूम पर आया। उसे बोला कि मैं तुमको पसंद करता हूं। उसने विरोध किया तो उसे दीदी और बच्चों को जान से मारने की धमकी देकर बलात्कार किया। इतना ही नहीं अश्लील वीडियो बना कर मुझे बदनाम करने की धमकी दी। इसके बाद उसने वह वीडियो दिखाकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इसी बीच घर वालों ने सगाई कर दी, जिससे जीजा बहुत नाराज हुआ। हाल ही में वह वापस मेरे रूम पर आकर सामान मे तोड़फोड़ कर दिया। उसे धमकी दी कि सगाई तोड़ दे। मेरे साथ मारपीट करने लगा। इतना नहीं उसके साथ में अश्लील हरकत भी की। वह किसी तरह से उसके चुंगल से भागी और बाहर आकर और अपने पिता को फोन लगाकर बुलवाया। पिता के आने पर उन्हें आरोपी जीजा के बारे में बताया और थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### एमआईजी बैंक से चेक चोरी

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में एक बैंक परिसर में वारदात को अंजाम देते हुए चोर चेक बॉक्स का ताला तोड़कर कई चेक चुरा ले गए।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। चोरी की उक्त घटना आई.सी.आई.सी.आई बैंक मालवा परिसर में हुई। पुलिस ने बैंक अधिकारी सौरभ पिता कपूरचंद परेता की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं। फरियादी ने पुलिस को बताया कि गत 15 जून की सुबह करीब 6.15 बजे मुझे सेंट्रल टीम से मैसेज आया कि आई.सी.आई.सी.आई बैंक से कुछ चेक चोरी हो गए है। मैं मैसेज के बाद मौके पर पहुचा वहा जाकर देखा तो चेक बोक्स का ताला टूटा हुआ था चैक किया तो उसमे रखे कुछ चेक कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा कर ले गया है। पुलिस चोर की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हैं।

---

#### एआई एजुकेशन प्रदान करने के लिए स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा

# ‘एआई फर्स्ट कैंपस’ और ‘एआई एक्शन प्लान’ की पहल

**संवाददाता ● भोपाल**

**पहल**




आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शिक्षण और नवाचार का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू), भोपाल, एआई से जुड़ी कई पहल कर रहा है। इसमें एक ओर एआई एक्शन प्लान को लॉन्च किया गया है वहीं बड़ी संख्या में एआई कोर्सेज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

एसजीएसयू द्वारा एआई से जुड़ी डिग्री कोर्सेस की एक व्यापक श्रृंखला भी शुरू की गई है, जिनमें बीसीए (एआई पावर्ड साइबर सिक्योरिटी एंड क्लाउड कंप्यूटिंग), एआई पावर्ड डिजिटल मार्केटिंग, एमएससी/एमसीए इन एआई/एमएल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय ने इंटेल, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, और गीक्स ऑफ गुरुकुल जैसे वैश्विक तकनीकी संस्थानों के साथ साझेदारी में एआई पावर्ड इंडस्ट्री-रेडी कोर्सेस भी आरंभ किए हैं जिनमें आईबीएम के साथ बी.टेक सीएसई, गीक्स ऑफ गुरुकुल के साथ बी.टेक सीएसई, बीसीए (एआई-एमएल) और गूगल के साथ बी.टेक सीएसई, बीसीए इन क्लाउड कंप्यूटिंग और एमसीए इन क्लाउड कंप्यूटिंग शामिल हैं।

‘एआई एक्शन प्लान’ एक वर्षभर चलने वाली गतिविधियों का विस्तृत खाका है, जिसके माध्यम से एआई से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और नवाचार पहलों का संचालन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य एआई को न केवल शिक्षा पद्धति में एकीकृत करना है, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों के लिए एक व्यावहारिक और उद्योगोन्मुख वातावरण भी निर्मित करना है। इस एक्शन प्लान के अंतर्गत स्कूल और कॉलेजों के छात्रों के लिए एआई अवेयरनेस वर्कशॉप, प्राध्यापकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं शैक्षणिक संगोष्ठियों का आयोजन प्रस्तावित है। इसके साथ ही शैक्षणिक संस्थानों में ‘एआई क्लब’ और ‘एआई चैप्टर्स’ की स्थापना की जाएगी, जहां छात्र स्वयं एआई से जुड़ी गतिविधियों का संचालन करेंगे।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी को “एआई फर्स्ट कैंपस” बनाने की दिशा में भी कई महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं जिनमें इंडस्ट्री-एलाइन्ड एआई लैब्स, एआई फर्स्ट करिकुलम, एआई सेंटर्स ऑफ एक्सीलेंस, आईबीएम पावर्ड टीचर्स ट्रेनिंग, एआई स्टूडेंट क्लब, और इंडस्ट्री-इंटिग्रेटेड एआई रिसर्च प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी द्वारा एआई गुरू के रूप में भी एक अनूठी पहल की गई है जो छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से करियर काउंसलिंग एवं गाइडेंस प्रदान करता है।

नई पहल के तहत “AI of Future Developer – Build Smart, Code Faster” विषयक कार्यशाला का आयोजन 20 जून को किया जाएगा। साथ ही एक एडवांस्ड ‘एआई गुरु’ प्लेटफ़ॉर्म भी लॉन्च किया गया है, जो एआई आधारित लर्निंग का एक प्रमुख स्रोत बनेगा। विश्वविद्यालय में प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग, डीप लर्निंग, जेनरेटिव एआई, एजेंटिक एआई, इथिकल एआई, और मल्टीलिंगुअल एआई जैसे विषयों पर आधारित अपस्किलिंग प्रोग्राम्स भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। एसजीएसयू के चांसलर डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में इस एक्शन प्लान की परिकल्पना की गई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि “भविष्य के कार्यबल को तैयार करने के लिए एआई-संचालित शिक्षा समय की मांग है, और एसजीएसयू इस दिशा में प्रतिबद्ध है और स्वयं को एआई के क्षेत्र में लीडर के तौर पर स्थापित कर रहा है”। कुलपति डॉ. विजय सिंह ने टीम को बधाई देते हुए इसे एक दूरदर्शी पहल बताया। वहीं कुलसचिव डॉ. सीतेश कुमार सिन्हा ने ‘एआई प्रतिज्ञा’ दिलाते हुए संकाय सदस्यों से विश्वविद्यालय को एआई-सक्षम परिसर बनाने का आह्वान किया।

एआई एक्शन प्लान के तहत एक विशेष एआई टास्क फोर्स का गठन किया गया है जो समस्त गतिविधियों की समयबद्ध निगरानी और क्रियान्वयन सुनिश्चित करेगी। इस टास्क फोर्स द्वारा देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी में कई प्रमुख पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में सीआईआई के सहयोग से “एआई इमर्जन वीक” का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के उद्यमियों को एआई की तकनीकी जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया।

---

# संग्रहालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन

**संवाददाता ● भोपाल**

**आयोजन**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशेष रूप से थीम ‘एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित है, जो मानव, समाज और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखने हेतु योग की भूमिका को रेखांकित करता है। इस कार्यक्रम में भोपाल नगर निगम की महापौर एवं भोपाल की प्रथम नागरिक श्रीमती मालती राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उनके साथ-साथ सशस्त्र सीमा बल (SSB) के जवान, सुश्री गरिमा चौधरी ओलीमपियन 2012, एन डी आर एफ के जवान, विख्यात गोंड जनजातीय चित्रकार पदमश्री भज्जु सिंह श्याम, देश के विख्यात रंगकर्मी एण्ड रंग निर्देशक श्री बालेंद्र सिंह मानव संग्रहालय के अधिकारी एवं कर्मचारी, केंद्र शासन के भोपाल स्थित कार्यालयों के अधिकारीगण तथा शहर के अनेक विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, रंगकर्मी, गणमान्य नागरिक आदि इस सामूहिक आयोजन में भाग लेंगे। कार्यक्रम प्रातः 5.30 बजे प्रारभ होगा। जिसमे मुख्य अतिथि का उद्बोधन, प्रधानमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण होगा। तत्पश्चात अनुभवी योग प्रशिक्षकों के निर्देशन मे 45 मिनट का विशेष योग सत्र होगा। इसी अवसर पर योग एवं स्वास्थ्य पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी – जहाँ योग, आयुर्वेद, ध्यान और जीवन शैली से संबंधित साहित्य प्रस्तुत किया जाएगा इसके अलावा थीम आधारित प्रदर्शनी भी होगी जिसमें योग की सांस्कृतिक महत्ता को दर्शाया जाएगा।

इस कार्यक्रम की डिजिटल लाइव स्ट्रीमिंग भोपाल दूरदर्शन द्वारा की जाएगी जिससे देश-विदेश के योग प्रेमी ऑनलाइन इस कार्यक्रम का लाभ उठा सकें। भोपाल के सभी सरकारी विभागों के अधिकारियों के कर्मचारियों से उक्त कार्यक्रम मे भाग लेने की अपील निदेशक मानव संग्रहालय द्वारा की गई है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया जा रहा है जिसके लिए अनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से पूर्व-पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। संग्रहालय के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.)अमिताभ पांडे ने बताया यह आयोजन केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि योग के सार्वभौमिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का एक प्रयास है। इसका उद्देश्य समाज को स्वस्थ, सजग और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत बहादुर सिंह परिहार ने बताया की इस कार्यक्रम मे प्रवेश निशुल्क है अतः सभी भोपाल के सभी योग प्रेमी नागरिकों से अनुरोध है कि इस अवसर पर तन, मन और आत्मा को प्रकृति से जोड़ने वाले इस योग महोत्सव में 21 जून को प्रातः 5.30 बजे सम्मिलित होकर योग के वैश्विक संदेश – ‘एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य’ को आत्मसात करें एवं जन-जन तक पहुंचाने में सहभागी बनें।

---

### एमसीयू के पूर्व छात्र पवन को मिला पहला अंतरराष्ट्रीय असाइनमेंट



**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू), भोपाल के पूर्व छात्र पवन कुमार ने अपने करियर में एक अहम उपलब्धि हासिल की है। पवन का चयन टीवी ब्रिक्स इंटरनेशनल मीडिया नेटवर्क द्वारा रूस में होने जा रहे ग्लोबल एनर्जी प्राइज़ लॉरैट घोषणा समारोह की कवरेज के लिए किया गया है। यह समारोह 9 जुलाई 2025 को क्रास्नोयार्स्क, रूस में आयोजित होगा। पवन वर्तमान में इंडो एशियन न्यूज सर्विस (IANS) में सीनियर कॉपी एडिटर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने एमसीयू से पत्रकारिता में स्नातकोत्तर (Masters in Journalism) की पढ़ाई की थी। यह प्रेस टूर 6 से 11 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें पवन रूस के प्रमुख सांस्कृतिक और ऊर्जा स्थलों का दौरा करेंगे, वैज्ञानिक समुदाय के साथ बातचीत करेंगे और क्रास्नोयार्स्क क्षेत्र के गवर्नर मिखाइल कोत्युकोव की प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी कवर करेंगे। पवन ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय वे एम सी यू में मिले मजबूत अकादमिक आधार, प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन को देते हैं। उन्होंने कहा, “एम सी यू (MCU) ने मुझे पत्रकारिता की बुनियादी समझ के साथ-साथ वैश्विक दृष्टिकोण भी दिया। यहां की प्रयोगात्मक शिक्षण पद्धति और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड प्रशिक्षण ने मुझे इस मुकाम तक पहुँचने के लिए तैयार किया। इस आयोजन का अंतरराष्ट्रीय मीडिया पार्टनर टीवी ब्रिक्स है। इस उपलब्धि पर कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने पवन को बधाई दी है।

> **रूस में ग्लोबल एनर्जी प्राइज़ कार्यक्रम की करेंगे कवरेज**

---

#### 5 पैसा कैपिटल ने एआई-पावर्ड ट्रेडिंग इंटीग्रेशन के लिए

# मॉडल कॉन्टेक्स्ट प्रोटोकॉल (MCP) लॉन्च किया

**संवाददाता ● मुंबई**

**लॉन्च**

भारत की अग्रणी डिस्काउंट ब्रोकिंग कंपनियों में से एक, 5पैसा कैपिटल ने आधिकारिक रूप से अपना मॉडल कॉन्टेक्स्ट प्रोटोकॉल (MCP) लॉन्च कर दिया है। यह नया फ्रेमवर्क, अत्याधुनिक Claude नामक बड़े भाषा मॉडल (LLM) को 5पैसा की आंतरिक एपीआई (APIs) से जोड़ता है। यह रणनीतिक पहल यूज़र्स के अनुभव को बेहतर बनाने और ट्रेडिंग को एआई-सक्षम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मॉडल कॉन्टेक्स्ट प्रोटोकॉल के ज़रिए अब 5पैसा यूज़र केवल सामान्य भाषा में बात करके ऑर्डर प्लेस करना, मार्केट डेटा का विश्लेषण करना, या ट्रेडिंग रणनीतियों को बैकटेस्ट करना जैसे कार्य कर सकते हैं।

यह पहल 5पैसा के उस विज़न के अनुरूप है, जिसके तहत वह आम निवेशकों के लिए उन्नत ट्रेडिंग टूल्स को आसान और सुलभ बनाना चाहता है। मॉडल कॉन्टेक्स्ट प्रोटोकॉल के साथ, उपयोगकर्ता अब वास्तविक समय के बाजार डेटा और अपने स्वयं के कस्टम डेटासेट का उपयोग करके अधिक सूचित ट्रेडिंग निर्णय लेने के लिए अत्याधुनिक LLM की शक्ति का उपयोग कर सकते हैं। अब यूज़र रियल-टाइम डेटा और अपनी कस्टम जानकारियों (जैसे मौसम, फसल उत्पादन या आर्थिक संकेतकों) के साथ मिलाकर ज़्यादा समझदारी से ट्रेडिंग निर्णय ले सकते हैं। MCP के ज़रिए 5paisa XStream Open APIs का उपयोग कर कोई भी बाहरी डेटा स्रोत ट्रेडिंग विश्लेषण में शामिल किया जा सकता है। 5पैसा कैपिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ गौरव सेठ ने कहा, ‘हम मानते हैं कि निवेश का भविष्य ऐसे स्मार्ट टूल्स में है जो केवल डेटा-आधारित नहीं बल्कि संदर्भ को भी अच्छी तरह से समझते (context-aware) हों। Model Context Protocol हमारे उसी विश्वास को दर्शाता है। MCP की मदद से अब बिना कोडिंग जाने भी कोई व्यक्ति जटिल डेटा और ट्रेडिंग रणनीतियों को सिर्फ सामान्य भाषा में इस्तेमाल कर सकता है — जिससे संस्थागत स्तर की एनालिटिक्स अब आम निवेशकों की पहुँच में होगी।‘

**5paisa मॉडल कॉन्टेक्स्ट प्रोटोकॉल की मुख्य विशेषताएँ**

**एआई-सक्षम ट्रेडिंग असिस्टेंट:** Claude LLM के साथ अंतर्निहित सपोर्ट, भविष्य में और भी AI मॉडल जोड़े जाएंगे।

**प्रॉम्प्ट-आधारित इंटरफ़ेस:** कोडिंग की ज़रूरत नहीं — जैसे “जनवरी 2021 से दिसंबर 2022 तक मेरी ब्रेकआउट रणनीति को बैकटेस्ट करो” टाइप करें।

**कस्टम डेटा इंटीग्रेशन:** यूज़र्स अपने बाहरी डेटा जैसे मौसम, अर्थव्यवस्था आदि को जोड़ सकते हैं।

**सुरक्षित और निजी:** सभी डेटा एन्क्रिप्टेड होते हैं; डेटा पर यूज़र का पूरा नियंत्रण होता है।

**मौजूदा यूज़र्स के लिए निशुल्क:** MCP का इस्तेमाल 5पैसा के सभी खाताधारकों के लिए मुफ्त है।

**क्रॉस-प्लेटफ़ॉर्म सपोर्ट:** Claude Desktop के ज़रिए Windows, Mac और Linux पर उपलब्ध। मॉडल कॉन्टेक्स्ट प्रोटोकॉल असिस्टेंट का उपयोग बिना लॉगिन किए भी सामान्य जानकारी और मार्केट रिसर्च के लिए किया जा सकता है, लेकिन उन्नत ट्रेडिंग सुविधाएँ केवल प्रमाणित यूज़र्स के लिए उपलब्ध रहेंगी।

---

# यार्ड में ताँबे की चोरी करने वाले दो आरोपी दबोचे

## रेलवे कालोनी से चुराए गये ताँबे के तार जप्त, आरपी(यू)पी अधिनियम के अन्तर्गत मामला दर्ज

**संवाददाता ● भोपाल**

**मामला**



भोपाल मंडल पर संरक्षा एवं सतर्कता कार्यवाही लगातार सशक्त की जा रही है। इसी क्रम में, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) के कर्मियों ने 19 जून 2025 की प्रातः भोपाल यार्ड में ताँबे के तार जलाकर राख करने के प्रयास में दो संदिग्ध व्यक्तियों को रंगे हाथों पकड़ा। पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात उपनिरीक्षक अवधेश कुमार, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र उपाध्याय एवं आरक्षक अमित कुमार ने पुरानी पानी टंकी के समीप दोनों आरोपियों—वसीम पठान (20 वर्ष) तथा अमजद खान (19 वर्ष)—को दबोचा। पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि उक्त ताँबा रेलवे कालोनी, खजांची बाग स्थित भवन क्रमांक RB-1/168 से चोरी किया गया था। मौके से लगभग 4 किलोग्राम जला हुआ ताँबे का तार (मूल्य 5,000) बरामद कर वीडियोग्राफ़ी सहित जब्ती की गई। इसके पश्चात् आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर चोरी का स्थल प्रदर्शित कराया गया और आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूर्ण करते हुए आरपीएफ पोस्ट भोपाल लाया गया।

**आरपी(यू)पी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीबद्ध** – दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 3(अ) रेल संपत्ति अनधिकृत कब्ज़ा (रोकथाम) अधिनियम, 1966 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्राथमिक जांच के दौरान उनके आपराधिक रिकॉर्ड की पुष्टि होने पर तत्काल गिरफ़्तारी की गई एवं परिजनों को सूचित किया गया। प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा प्रगति पर है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने बताया कि मंडल में चोरी व तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु आरपीएफ वाणिज्य विभाग के साथ समन्वित गश्त एवं खुफ़िया निगरानी बढ़ा रहा है। उन्होंने यात्रियों व रेलवे कॉलोनीवासियों से अपील की कि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत आरपीएफ हेल्पलाइन – 139 पर दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

---

# डेंटल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन



**संवाददाता ● भोपाल**

भाभा विश्वविद्यालय के भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज द्वारा होटल जहांनुमा पैलेस के समस्त कर्मचारियों के लिए डेंटल स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। यहां आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के तत्वाधान में राष्ट्रीय पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया गया। संस्था की अधिष्ठाता डॉ उन्नति पितले द्वारा सही ब्रशिंग करने के तरीके पर व्याख्यान दिया गया। एवं डॉ अभिषेक गुप्ता ने तंबाकू से होने वाले नकारात्मक प्रभाव और तंबाकू छोड़ने उनके सटीक तरीकों का विवरण दिया गया। इस आयोजन में संस्था की ही डॉ असमा बाहर और इंटर छात्र छात्राओं द्वारा विस्तृत दंत परीक्षण किया गया। होटल जहांनुमा के मैनेजमेंट ने आगे भी इस प्रकार के आयोजन को और भी विस्तृत रूप में करने के लिए इच्छा जताई।

---

#### टॉय ट्रेन की नहीं हलचल, स्विमिंग पूल का कार्य भी वर्षों से अधूरा...

# विश्राम बाग प्रोजेक्ट कब होगा पूरा कई काम अभी भी बाकी

**संवाददाता ● इंदौर**

**हलचल**

पश्चिम क्षेत्र का विश्रामबाग प्रोजेक्ट लापरवाही और देर सवेर की भेंट चढ़ता जा रहा है। प्रोजेक्ट शुरू हुए वर्षों बीत चुके हैं लेकिन अभी तक इसमें आधा काम ही हुआ है कहा जा सकता है। वैसे तो विश्रामबाग में बच्चों के लिए टॉय ट्रेन और स्विमिंग पूल आदि कई प्रकार के कार्य होना है लेकिन टॉय ट्रेन के लिए फिलहाल कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है। वही स्विमिंग पूल अधूरा पड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि आर्थिक बदहाली के चलते नगर निगम के टेंडर कोई भी ठेकेदार लेने को तैयार नहीं है। ऐसे में यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि विश्रम बाग में स्विमिंग पूल और अन्य कार्य कब पूरे होंगे।



**झूले-चकरी और अन्य उपकरण भी हो गए खराब**

विश्राम बाग में बच्चों के लिए ट्रेन की व्यवस्था होना है तो रेस्टोरेंट आदि की व्यवस्था भी होना है। इसके लिए भी टेंडर फिर जारी होने वाले यह भी कहा जा रहा है कि विश्रामबाग में टेंडर के माध्यम से ही रेस्टोरेंट दिए जाएंगे, ताकि वह रखरखाव के साथ निगम को भी बेहतर लाभ मिल सकता है। इससे अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। तमाम तरह के काम के प्रयास तो किए जा रहे हैं लेकिन आज भी विश्राम बाग में अधूरे काम होने के कारण परेशानी बनी हुई है। यहां पर खासकर शनिवार-रविवार को अधिक लोग सैर सपाटे के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन व्यवस्था अभी नहीं हो पा रही है। बताया जा रहा है कि मामले को लेकर भी अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों से भी बात की जा रही है, लेकिन बकाया भुगतान होने के कारण परेशानी बनी हुई है।

पश्चिम क्षेत्र के रणजीत हनुमान मंदिर रोड पर विश्राम बाग पश्चिमी इलाके के लिए धीरे-धीरे प्रसिद्धि रहा है। यहां पर खासकर शनिवार रविवार को सैर सपाटे के लिए आने वाले लोगों की अच्छी खासी तादाद रहती है। यहां काफी समय से कई काम अधूरे पड़े हैं। विश्राम बाग में कई काम ऐसे अधूरे हैं जो होना शेष है। विश्राम बाग में बड़े पैमाने पर जो काम बचे हैं। वह आज तक नहीं हो पा रहे हैं, जबकि उसके टेंडर भी 2 से 3 बार हो चुके हैं। विश्राम बाग में एक तो बच्चों के लिए कोई खास इंतजाम नहीं किए हैं और बार बार कहते हैं कि इंतजाम कर रहे हैं। इधर ठेकेदार कोई काम करने को तैयार नहीं है। यहां पर टेंडर भी नहीं लिए जा रहे हैं क्योंकि नगर निगम आर्थिक संकट से गुजर रहा है ठेकेदारों के भुगतान नहीं होने के कारण काम नहीं हो रहे हैं।

### इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट : रीगल का हजारों परिंदों का आशियाना भी उजाड़ देगी मेट्रो

# मेट्रो के लिए ऐतिहासिक रानी सराय तोड़ने की नौबत

**संवाददाता ● इंदौर**

सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो के सफल संचालन के बाद अब मेट्रो ट्रेन के अगले 16 किमी ट्रैक को बनाने की कवायद शुरू की जा रही है। इसमें शहीद पार्क (रिंग रोड) से हाई कोर्ट (एमजी रोड) तक एलिवेटेड ट्रैक बनाने और उसके आगे एयरपोर्ट तक अंडरग्राउंड चलाने पर अभी भी मंथन ही चल रहा है। चुनौती यह है कि शहरी क्षेत्र में 16 किमी के इस ट्रैक पर कई तरह के निर्माण जद में आएंगे। इनमें सबसे महत्वपूर्ण स्ट्रक्चर रीगल स्थित रानी सराय (पुराना पुलिस आयुक्त कार्यालय) व अहिल्या लाइब्रेरी का हिस्सा होगा। रानी सराय को तोड़ने की नौबत इसलिए आ रही है, क्योंकि यहां स्टेशन का एग्जिट और एंट्री पॉइंट के साथ पार्किंग और अन्य कमर्शियल स्ट्रक्चर बनाना प्रस्तावित है। इसके विस्तार के लिए ही रीगल की जमीन भी मांगी गई है। काले पत्थरों की सुन्दर ईमारत रानी सराय का निर्माण 1907 में हुआ था।

**प्रोजेक्ट**

**विरोध भी हो रहा** - रानी सराय को तोड़ने और इस रूट पर अंडरग्राउंड मेट्रो को चलाने का विरोध भी हो रहा है। कई बड़े प्रदर्शन हो चुके हैं। रहवासियों का कहना है कि इससे बहुत अधिक नुकसान होगा। अभी इस रूट के निर्माण कार्यों पर भी बार- बार बदलाव हो रहे हैं। रानी सराय का निर्माण मुगल शैली में हुआ था। दूसरी मंजिल तक जाने वाली सीढ़ियां पत्थर के ब्लॉक से बनी हैं। इस दो मंजिला इमारत का निर्माण बॉम्बे की फर्म चार्ल्स स्टीवेंसन एंड कंपनी ने किया था। पहली मंजिल और उसकी खिड़कियां भी पत्थर की बनी हैं। इमारत की दूसरी मंजिल पत्थरों से नहीं बल्कि ईंटों और सीमेंट से बनी है। भवन में प्रवेश के लिए अधिकांश स्थानों पर मेहराबें हैं। रानी सराय के प्रांगण में पत्थर से बना एक फव्वारा भी है, जिसे महाराज तुकोजीराव तृतीय ने अपनी रानी के सहायक इसाकास की मृत्यु के बाद बनवाया था। वर्ष 1907 में जब महाराजा शिवाजीराव होलकर की पत्नी वाराणसी बाई मृत्युशैया पर थीं, तब उन्होंने आगंतुकों के ठहरने के लिए रीगल स्क्वायर पर सराय का निर्माण करवाया था। उस समय इसके निर्माण में 1.56 लाख रुपए खर्च हुए थे।



### हजारों पक्षियों का आशियाना है यहां

रानी सराय पर हजारों पक्षी रहते हैं। यहां पर मौजूद पेड़ों पर दिनभर बड़ी संख्या में पक्षी आते हैं। तोते और कबूतरों के साथ में यहां पर कई प्रजाति के पक्षी देखने को मिलते हैं। कई सामाजिक संस्थाएं यहां पर पक्षियों को रोज दाना- पानी देने के लिए आती हैं। यदि यहां पर मेट्रो स्टेशन बनेगा तो हजारों पक्षियों का आशियाना नष्ट हो जाएगा। पर्यावरणविद् ओपी जोशी कहते हैं कि आज इंदौर में जो हालात हैं उनमें हमें प्रकृति संरक्षण को प्राथमिकता देना चाहिए। यहां पर कई प्राचीन पेड़ भी कटेंगे और कई स्तर पर प्रकृति का नुकसान होगा। इन्हें बचाकर ही यहां पर कोई प्रोजेक्ट लाने के विषय में सोचना चाहिए।

### बचाने का प्रयास

मेट्रो के अफसरों के अनुसार रानी सराय को बचाया जा सकता है। इसके लिए शास्त्री ब्रिज से छोटी ग्वालटोली की ओर जा रही सड़क को बंद करना होगा। इस सड़क को खुला रखने के लिए स्टेशन का अलाइनमेंट रानी सराय की तरफ किया है। मेट्रो इस स्टेशन से 300-350 मीटर पहले ही हाई कोर्ट के पास से अंडरग्राउंड ट्रैक पकड़ेगी। हालांकि अभी इस पर अंतिम मुहर लगना बाकि है।

### ऊपर भवन और नीचे मेट्रो चलेगी, पार्किंग भी बनेगी

मेट्रो रेल कार्पोरेशन रीगल तिराहा स्थित होलकर कालीन रानी सराय भवन (पुराना पुलिस कंट्रोल रुम) जमींदोज करने की तैयारी में है। कार्पोरेशन ने इस महत्वपूर्ण स्थान पर दिल्ली के राजीव चौक जैसा अंडरग्राउंड मॉडल स्टेशन बनाने की योजना बनाई है। यह शहर का मुख्य स्टेशन होगा, जिसमें विशाल पार्किंग होगी। तीसरे चरण में एमजी रोड पर हाई कोर्ट के पास से एयरपोर्ट तक मेट्रो अंडरग्राउंड रहेगी। रीगल तिराहे पर मॉडल अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाने का फैसला हुआ है। यह स्टेशन दिल्ली मेट्रो के राजीव चौक स्टेशन जैसा रहेगा। ऊपर भवन व नीचे से मेट्रो का संचालन होगा। यहां करीब 500 कार व अन्य वाहनों की पार्किंग रहेगी। पास में रेलवे स्टेशन है, उससे अंडरग्राउंड रास्ता बनाने की कवायद भी चल रही है।

## शॉट न्यूज

### पहचान छुपाकर शादी करने वाले पति ने बच्चे का करवा दिया खतना

**इंदौर**। खजराना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति, ससुर और देवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी पति ने पहचान छुपा कर पीड़िता से शादी की और फिर उसके बेटे का जबर्दस्ती खतना करवा दिया। शंकर नगर कॉलोनी में रहने वाली पीड़िता की रिपोर्ट पर पति श्याम पटेल उर्फ शाहनवाज पटेल इसके भाई सोहन पटेल और पिता सलीम पटेल के खिलाफ एक और केस खजराना पुलिस ने दर्ज किया है। पहले पति से उसका 14 साल का बेटा है। पीड़िता ने बताया कि एक युवक से पहचान हुई, जिसे अपना नाम श्याम पटेल बताया। इसके बाद हम दोनों ने शादी कर ली। श्याम से एक लड़की हुई इसी दौरान श्याम पटेल ने मेरे साथ मारपीट की और कहा कि तुझे धर्म परिवर्तन करना होगा। श्याम पटेल का असली नाम शाहनवाज है। खजराना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**इंदौर**। आजाद नगर इलाके में टाइल्स कारीगर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।युवक की आत्महत्या के बाद परिजनों ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले एक युवक से हुए विवाद के बाद उसे लगातार धमकियां मिल रही थीं।इसी से आहत होकर उसने आत्महत्या की हैं। आजाद नगर थाना इलाके के विकास नगर निवासी बॉबी पिता राजेश यादव(24) ने अपने घर मे फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता राजेश यादव ने बताया कि गुरुवार को काम न होने के कारण बॉबी घर लौट आया था और दोपहर बाद अपने कमरे में सोने चला गया। जब देर शाम तक वह बाहर नहीं निकला तो उन्होंने दरवाजा खोलकर देखा, जहां बॉबी फांसी पर लटका हुआ मिला। परेशान होकर बॉबी ने आत्महत्या की हैं। फिलहाल पुलिस आरोपो की जांच कर रही हैं।

### महिला ने लाखों के जेवर चुराए

**इंदौर**। राजेंद्र नगर इलाके से एक महिला लाखों के जेवर चुराकर ले गई।अब पुलिस उसकी तलाश कर रही हैं। पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात सहकार नगर केट रोड़ स्थित फरियादी दीपीका पति रोहित भाभर के घर मे हुई। फरियादी की शिकायत पर संदेही रानी उर्फ निधि मुकाती पति योगेश चौधरी निवासी नंदगांव जिला मथुरा उत्तरप्रदेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपिया संदेही ने फरियादी की सोने की कान की झुमकी, सोने का हार,सोने का मंगल सूत्र, सोने के कान के छोटे टाप्स, बेटी के सोने के छोटे टाप्स, सोने की एक अंगुठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, चांदी का कमरबंद व चांदी का चाबी का गुच्छा कुल कीमती 1 लाख 50 हजार रूपये का चुराकर ले गई।

# नंदबाग में शराब दुकान खोलने का विरोध, बड़े आंदोलन की चेतावनी

### पार्षद सोनाली धारकर के नेतृत्व में हंगामा, बारिश में भी प्रदर्शनकारी डटे, पुलिस को ज्ञापन

**संवाददाता ● इंदौर**

बाणगंगा इलाके के नंदबाग में प्रस्तावित शराब दुकान को लेकर स्थानीय रहवासियों का विरोध गुरुवार को और तेज हो गया। वार्ड क्रमांक-16 के सैकड़ों लोग पार्षद सोनाली मुकेश धारकर के नेतृत्व में सड़क पर उतरे और जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि चाहे जो हो जाए, हम हमारे इलाके में शराब की दुकान नहीं खुलने देंगे।

**ज्ञापन**

मौके पर भारी पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और आबकारी अधिकारी तैनात रहे। प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि यह क्षेत्र निम्न आयवर्ग और सघन आबादी वाला है। यहां अधिकांश पति-पत्नी काम पर जाते हैं। ऐसे में शराब दुकान खुलने से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो जाएगा। पूर्व में बाणगंगा क्षेत्र के ही कुशवाहा नगर में भी चल रही शराब दुकान को भी भारी विरोध के चलते हटाया था। इसकी पुष्टि स्थानीय विधायक व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी की थी। अब यह दुकान नंदबाग में प्रस्तावित है, जिसे लेकर पहले से ही विरोध शुरू हो गया। आज बारिश की बौछारों के बीच भी प्रदर्शनकारियों का जोश कम नहीं हुआ। पार्षद सोनाली धारकर और अन्य स्थानीय नेता बंटी ठाकुर, यश यादव, अमित झुन्नू दुबे ने थाने की उपनिरीक्षक अभिरुचि कनौजिया को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि दुकान खुली तो आने वाले दिनों में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसमें स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे।



## मेट्रो के 11 किलोमीटर ट्रेक पर ट्रॉली दौड़ाकर देखी अफसरों ने

**संवाददाता ● इंदौर**

नगर में मेट्रो ट्रेक के 17 किलोमीटर हिस्से में बचा काम अब तेजी से हो रहा है। 11 किलोमीटर हिस्से तक ट्रेक पूरी तरह तैयार हो चुका है। गुरुवार को मेट्रो ट्रेन कार्पोरेशन के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने अफसरों के साथ सुपर कॉरिडोर के स्टेशन नंबर वन से मालवीय नगर तक ट्रॉली रन किया। सुबह 9 बजे अफसरों की टीम मालवीय नगर चौराह पर पहुंची और ट्रॉली से ट्रेक पर निरीक्षण करते हुए चली। दोपहर एक बजे ट्रॉली रन समाप्त हुआ। इससे पहले गांधी नगर से एमआर-10 ब्रिज तक ट्रॉली रन हो चुका है। निरीक्षण के दौरान एमडी चैतन्य ने अफसरों को मेट्रो स्टेशनों का बचा काम तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए है। उन्होंने विजय नगर, मेघदूत गार्डन, बापट चौराहा, चंद्रगुप्त मोर्य प्रतिमा चौराहा, एमआर-10 बस स्टेशन में बन रहे मेट्रो स्टेशन का काम भी देखा। इस दौरान स्टेशन के एंट्री व एक्जिट गेट, लिफ्ट, एस्केलेटर, कंट्रोल रुम, टिकट रुम, मेट्रो ट्रेक शेड सहित अन्य कामों को देखा गया। एमआर-10 बस स्टेशन से मेट्रो स्टेशनों को एक फुट ब्रिज के जरिए कनेक्ट किया जा रहा है ताकि स्टेशन के यात्री सीधे मेट्रो का सफर कर सके। एमडी चैतन्य ने कहा कि हमारा अगल लक्ष्य 17 किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का ट्रायल रन है। चार माह में इसे पूरा किया जाएगा। फिर अलग-अलग स्तर पर सेफ्टी रन होंगे। स्टेशनों का काम भी तेजी से हो रहा है। अगले वर्ष तक हम 17 किलोमीटर तक मेट्रो ट्रेन के संचालन की स्थिति में होंगे। फिलहाल सात किलोमीटर हिस्से में मेट्रो का संचालन हो रहा है।

## विकसित भारत का हो रहा है सपना पूरा : मंत्री सिलावट



**संवाददाता ● इंदौर**

भारतीयों ने एक सपना देखा था कि भारत विश्व का नेतृत्व करे। उस दिशा में उस संकल्प में उस विश्वास को आगे बढ़ते हुए देख रहे हैं और उसका नेतृत्व हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। यह बात विकसित भारत संकल्प सभा के दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कनाड़िया में आयोजित कार्यक्रम में कही। भारतीय जनता पार्टी परिवार द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन मां क्षिप्रा मंडल, निपानिया मंडल और मां नर्मदा मंडल (खुड़ैल) के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें सभी मंडलों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांवेर विधायक और कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, पूर्व नगर निगम सभापति अजय नरूका, इंदौर जिला अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्रावण सिंह चावड़ा, इंदौर जनपद अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया,पार्षद सुरेश कुलवाड़े, राकेश सोलंकी और मंडल अध्यक्ष रवि बाजपेई, विपिन पाटीदार और बिनु चौधरी उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ की गई। मां क्षिप्रा मंडल अध्यक्ष रवि बाजपेयी ने सभी अतिथियों का स्वागत भाषण दिया।सभा को संबोधित करते हुए जिला ग्रामीण अध्यक्ष श्रावण सिंह चावड़ा ने कहा, "बीजेपी के 11 साल के सुशासन में भारत 171वें स्थान से ऊपर उठकर 113वें स्थान पर पहुंचा है और यह आर्थिक प्रगति का स्पष्ट संकेत है।" सांसद शंकर लालवानी ने कहा, "बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीबों के खातों में करीब 27 लाख करोड़ रुपये ट्रांसफर किए हैं। इसके चलते लगभग 25 करोड़ लोग अतिगरीबी से बाहर निकले हैं।" उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल में एक भी घोटाले का आरोप नहीं लगा है।

# घबराएं नहीं वेरिएंट अधिक शक्तिशाली नहीं : डॉक्टर

**संवाददाता ● इंदौर**

कोरोना वायरस का नया वेरिएंट धीरे-धीरे असर दिख रहा है। मौसम में ठंडा के घूमने के कारण कोरोना पॉजिटिव भी बढ़े हैं। हालांकि इनकी संख्या बहुत अधिक नहीं है। उधर डॉक्टर का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं, वेरिएंट अधिक शक्तिशाली नहीं है जल्द ही आईएनएक्टिव हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार 12 नए संक्रमित मरीज सामने आए हैं, जिससे एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 75 हो गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ माधव हसानी ने बताया कि फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अधिकांश मरीज एसिंप्टोमेटिक हैं, यानी उनमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं हैं। ये मरीज अस्पतालों में ऑपरेशन या अन्य जांच से पहले की गई नियमित कोविड जांच के दौरान सामने आए। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा है। प्रभावितों के संपर्क में आए लोगों की पहचान कर टेस्टिंग शुरू कर दी गई है। विभाग पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए है। सीएमएचओ डॉ माधव हसानी ने नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने तथा हाथ धोने जैसे सुरक्षा उपायों को फिर से अपनाएं। उन्होंने कहा कि स्थिति अभी नियंत्रण में है। लेकिन, लापरवाही से बचना ज़रूरी है। कोरोना के पुराने अनुभव को देखते हुए अब फिर से सतर्कता की आवश्यकता है।

**सतर्कता**



### बारिश में वैसे भी बढ़ जाते हैं सर्दी खांसी के मरीज

डॉक्टर का कहना है कि जिस हिसाब से बारिश शुरु हुई है उसके अनुसार सर्दी खांसी बुखार के मरीज वैसे ही बढ़ जाते हैं। इनमें कोरोना होना या नहीं होना कोई मायने नहीं रखता। साधारण दवा से भी सर्दी खांसी बुखार आदि के मरीज ठीक हो जाते हैं। सभी को कोरोना की जांच करवाने की आवश्यकता भी नहीं है। वैसे भी यदि किसी मरीज को लगता है तो वह अपनी जांच करवा सकता है। लोगों को कोरोना वायरस और सिलाई जा रही अफवाह से बचने की जरुरत है।

## बीएलओ का ऑनलाइन प्रशिक्षण 2 को होलकर विज्ञान कॉलेज में

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के निर्देशों के पालन में 2 जुलाई 2025 को इंदौर जिले की 9 विधानसभा के 2625 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त बीएलओ का ऑनलाईन प्रशिक्षण जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जाना है। इसके लिये होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर का चयन किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि संस्था के एकेडमिक ब्लॉक ए कक्ष क्रमांक 101 से 112, 201 से 210 एवं एकेडमिक ब्लॉक बी कक्ष क्रमांक 101 से 106 एवं 201 से 206 में कुल 2625 बीएलओ का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के तहत उक्त समयावधि के लिए होलकर विज्ञान महाविद्यालय इंदौर को अधिग्रहित किया गया है।

### शहर की वर्षों पुरानी मल्टियों के हाल बेहाल, खतरनाक बिल्डिंगों में शुरू हो गया मेंटेनेंस कार्य

# खतरनाक मल्टियों को निगम ने भेजे नोटिस, बारिश से पहले सुरक्षा की चिंता

**संवाददाता ● इंदौर**

शहर की वर्षों पुरानी खतरनाक मल्टियों को लेकर नगर निगम ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। एसजीएसआईटीएस रोड की दो बिल्डिंगों विमल और विनय को हाल ही में नोटिस जारी किए गए, जिसके बाद रहवासी संघ ने तुरंत सुधार कार्य शुरू करवा दिए हैं। इन बिल्डिंगों के कुछ हिस्से इतने खस्ताहाल हो चुके थे कि आए दिन गैलरी की छतें और दीवारें गिर रही थीं। जनहानि की आशंका को देखते हुए निगम को इनकी स्थिति को लेकर कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

**कार्रवाई**

शहर की वर्षों पुरानी खतरनाक मल्टियों को लेकर नगर निगम ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। एसजीएसआईटीएस रोड की दो बिल्डिंगों विमल और विनय को हाल ही में नोटिस जारी किए गए, जिसके बाद रहवासी संघ ने तुरंत सुधार कार्य शुरू करवा दिए हैं। इन बिल्डिंगों के कुछ हिस्से इतने खस्ताहाल हो चुके थे कि आए दिन गैलरी की छतें और दीवारें गिर रही थीं। जनहानि की आशंका को देखते हुए निगम को इनकी स्थिति को लेकर कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं।



### निगम की चेतावनी के बाद रहवासी संघ सक्रिय

- नगर निगम अधिकारी पीएस कुशवाह ने बताया कि बिल्डिंगों की खराब हालत को देखते हुए निगम द्वारा रहवासी संघ को नोटिस थमाए गए हैं और स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि खतरनाक हिस्सों की तुरंत मरम्मत कराई जाए। निगम ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि मरम्मत कार्य समय पर नहीं हुआ तो निगम स्वयं कार्रवाई करेगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए रहवासी संघ ने अब सुधार कार्य आरंभ कर दिए हैं और इस संबंध में निगम अधिकारियों से बैठक भी की गई है।

### निर्माण कार्य के बाद फिर होगा निरीक्षण

रहवासी संघ द्वारा किए जा रहे सुधार कार्यों की प्रगति की निगरानी निगम की टीम करेगी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद निगम अधिकारी फिर से मौके पर निरीक्षण करेंगे और तभी अंतिम निर्णय लिया जाएगा कि बिल्डिंग को रहवासी उपयोग के लिए सुरक्षित घोषित किया जा सकता है या नहीं। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि बिल्डिंग के कुछ हिस्से अत्यधिक जर्जर हैं और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### अन्य जर्जर मल्टियों की भी जांच में तेजी

नगर निगम अब केवल एसजीएसआईटीएस रोड तक सीमित नहीं है, बल्कि शहर के मध्य क्षेत्र की अन्य वर्षों पुरानी मल्टियों की भी जांच कर रहा है। माणिकबाग रोड, इतवारिया, मल्हारगंज, जिंसी और अन्य क्षेत्रों में स्थित पुरानी और जर्जर बिल्डिंगों की पहचान की जा रही है। कई मल्टियों की हालत चिंताजनक है और आने वाले दिनों में इन्हें भी नोटिस थमाए जाएंगे, ताकि समय रहते जरूरी सुरक्षा उपाय किए जा सकें।

# अपने मूल्यांकन से आपको वैश्विक पहचान मिल सकती है!

वो स्कूल बंद होने वाला था। सरकारी नियमों के अनुसार भी उसे बंद होना पड़ता, क्योंकि 2006 में शुरू हुए स्कूल में 2023 में महज तीन ही छात्र बचे थे। राज्य सरकार के नियम भी कहते हैं कि 10 से कम विद्यार्थी वाले स्कूल बंद होने चाहिए। वह साल 2023 का समय था, जब स्कूल के नए प्रिंसिपल दत्तात्रेय वारे ने वहां पद संभाला। अब हम सीधे 2025 पर आते हैं। पुणे से 50 किमी दूर जलिंदर नगर के खेड़ तालुका स्थित इस मराठी माध्यम के स्कूल ने ना सिर्फ खुद को जीवंत किया, बल्कि आज इसमें कक्षा एक से सात तक के 120 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इससे भी ज्यादा विद्यालय को ह्यस्कूल विकास में सामुदायिक भागीदारीह्ण श्रेणी में अंतरराष्ट्रीय पहचान भी मिली है।

स्कूल को यह पहचान यूके के ह्यद टी4 एजुकेशन कॉम्पिटीशन के कारण मिली, जो हर साल दुनियाभर में उत्कृष्ट स्कूलों को मान्यता देता है और उन्हें विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की श्रेणी में लाता है। यह उन स्कूलों को हाईलाइट कर रहा है, जो अपने नवाचारों से छात्रों और समुदाय पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं। आपके दिमाग में कई सवाल आ रहे होंगे जैसे उन्होंने यह कैसे किया? वो भी एक जिला परिषद स्कूल ने महज दो सालों में? कैसे उन्होंने यह अन्तरराष्ट्रीय पहचान हासिल की? मैं आपको इनके जवाब देता हूं। नए प्रिंसिपल वारे ने जॉइन करने के बाद खुद आगे होने के बजाय लोकेलिटी में रहने वाले बच्चों के माता-पिता को आगे किया। प्रिंसिपल ने उन पर भरोसा जताया, क्योंकि कौन से अभिभावक ऐसे होंगे, जो अपने बच्चों को सफल नहीं देखना चाहते। प्रिंसिपल ने उनसे इस बारे में बातचीत की कि निजी स्कूलों में ऐसा क्या है, जो अभिभावकों को आकर्षित करता है और इस जिला परिषद स्कूल में क्या और जोड़ा जा सकता है। दोनों ने मिलकर ना सिर्फ आधुनिक लर्निंग टूल्स, कौशल आधारित प्रशिक्षण और चीजों को प्रयोग कर उनके बारे में सीखने जैसे वृहद क्षेत्रों की, बल्कि कंप्यूटिंग, एआई, कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, कला-शिल्प जैसे अनिवार्य कौशल भी पहचाने। फिर हर

**जब ऐसे छोटे-बड़े योगदानों को सम्मान मिला तो ये बात जंगल की आग की तरह फैल गई और छोटे से कस्बे में मदद के लिए और लोग आगे आए। जब माता-पिता ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लेना शुरू किया और घरों में रात को डिनर के समय परि-वार में अपने योगदान पर बातचीत होने लगी, तो स्वाभाविक तौर पर बच्चे और अधिक रुचि लेने लगे।**

अभिभावक ने अपनी विशेषज्ञतानुसार अपनी भूमिका तय की। जैसे किसी की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान है तो उसने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण दिए। दूसरा कम्प्यूटर विशेषज्ञ है तो उसने फ्री ट्रेनिंग की पेशकश की। जब ऐसे छोटे-बड़े योगदानों को सम्मान मिला तो ये बात जंगल की आग की तरह फैल गई और छोटे से कस्बे में मदद के लिए और लोग आगे आए। जब माता-पिता ने इस प्रक्रिया में हिस्सा लेना शुरू किया और घरों में रात को डिनर के समय परिवार में अपने योगदान पर बातचीत होने लगी, तो स्वाभाविक तौर पर बच्चे और अधिक रुचि लेने लगे। ऐसी सामूहिक सहभागिता के चलते बच्चों की जिज्ञासा और बढ़ी। चूंकि वे ही ये लाभ पाने वाले थे, इसलिए उन्होंने सोशल मीडिया से सीखी मांगें रखीं। जिस स्कूल ने कभी इतने छात्रों की कल्पना तक नहीं की थी, वह इसरो जैसे संस्थानों के शिविरों में भाग लेने लगा। इससे छात्रों की रुचि और बढ़ी। हर छोटी उपलब्धि से कस्बे का उल्लास बढ़ता जाता। पर वारे खुद को और अपने स्कूल को किसी और चीज में परखना चाहते थे, यहीं उनकी नजर ह्यटी4 एजुकेशन कॉम्पिटीशनह्ण पर पड़ी। उन्होंने आवेदन किया और अर्जेंटीना की एक टीम के साथ ऑनलाइन साक्षात्कार में अभिभावक शामिल हुए और अभिभावकों ने अंग्रेजी में बात भी की। इस प्रकार ये स्कूल ह्यसामुदायिक भागीदारीह्ण की श्रेणी में चयनित होने वाला देश का पहला और एक मात्र सरकारी स्कूल बना।जाहिर तौर पर महाराष्ट्र से भी ये दुनिया के शीर्ष 10 में शामिल होने वाला पहला स्कूल था। यह सिर्फ एक अवॉर्ड ही नहीं है, बल्कि इसने दुनिया के नवाचारों वाले श्रेष्ठ स्कूलों के बड़े नेटवर्क का निर्माण भी किया है, जिससे नए विचारों के साथ सर्वश्रेष्ठ करने की उनकी गति भी बढ़ी है। ध्यान रखें कि मूल्यांकन आत्म परीक्षण नहीं है, बल्कि यह सफलता के लिए एक नेटवर्क बनाना है। फंडा यह है कि यदि आप अपनी मानसिक संतुष्टि के लिए हर वैश्विक मानदंड पर खुद का मूल्यांकन करते रहेंगे तो क्या पता कि कि आपके सामने कोई ऐसी खिड़की खुल जाए जो आपको ग्लोबल ट्रॉफी दिला दे और अपनी श्रेणी में आपको सर्वश्रेष्ठ का ताज पहना दे!

## संत वचन

फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। हमने इफिसुस के विश्वासियों को प्रेरित पौलुस का अभिवादन सुना, जिसमें उन्होंने उन सभी को उनके प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह में उद्धार की याद दिलाई, जिसके बारे में वे और अन्य प्रेरित और मिशनरी घोषणा करते रहे थे, और उन्हें याद दिलाया कि प्रभु में उद्धार मसीह के द्वारा और जो कुछ भी उन्होंने अपने शिष्यों और कलीसिया के माध्यम से उन पर प्रकट किया था, उसके द्वारा आया था, न कि अन्य माध्यमों जैसे कि ईश्वर की व्यवस्था और आज्ञाओं के पालन के माध्यम से, जैसा कि यहूदी पृष्ठभूमि से आए कुछ धर्मांतरित लोगों ने, विशेष रूप से फरीसी और व्यवस्था समूह के शिक्षकों ने दावा किया था और वे शेष कलीसिया और ईसाई विश्वासियों पर यहूदी रीति-रिवाजों और तरीकों को लागू करना चाहते थे।

# पूर्वोत्तर के हमारे देशवासियों के साथ भेदभाव कब तक?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 मई, 2025 को कहा था कि ह्यआज गणेश-प्रतिमाएं भी विदेशों से आती हैं। छोटी आंख वाली प्रतिमाएं, जिनकी आंखें ठीक से खुलती भी नहीं। पूर्वोत्तर के निवासी लंबे समय से नस्ली पूर्वग्रह और हिंसा झेल रहे हैं। 2014 में दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के एक किशोर की हत्या के बाद बेजबरुआ कमिटी बनी थी। कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय महानगरों में पूर्वोत्तर के 10 में से 9 लोगों को नस्ली भेदभाव का सामना करना पड़ता है। एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि पूर्वोत्तर की हर तीन में से दो महिलाएं किसी ना किसी प्रकार के भेदभाव की शिकार होती हैं। सबसे ताजा उदाहरण मेघालय हनीमून कांड का है, जो सुर्खियों में छाया रहा है। सोशल मीडिया पर मनगढ़ंत खबरों के जरिए एलीफेंट फॉल्स, डबल-डेकर लिविंग रूट ब्रिज, माव्स्माई गुफा जैसे दर्शनीय स्थलों वाले राज्य की छवि धूमिल की गई। न केवल मेघालय, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर को बदनाम करने का अभियान चलाया गया। वहां के निवासियों के खानपान से लेकर उनकी कद-काठी और भाषा को भी नहीं बख्शा गया।

**एडिट.नोट**

सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसा बहुत कम आधिकारिक डेटा है, जो पूर्वोत्तर के निवासियों के योगदान को बताता हो, खासतौर पर हॉस्पिटैलिटी, विमानन और स्वास्थ्य क्षेत्र में। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) के 2020 के सर्वेक्षण के अनुसार पूर्वोत्तर के राज्यों की प्रत्येक चार में से एक प्रवासी महिला हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में कार्यरत है। पांच साल बाद यह आंकड़ा और बढ़ा ही होगा। सर्वे में सामने आया कि इनमें से अधिकतर महिलाएं अनौपचारिक, कम वेतन और बगैर सामाजिक सुरक्षा वाली नौकरियों में हैं। मेरा पूर्वोत्तर से पुराना नाता और विशेष लगाव है। 1991 में मैने एडवरटाइजिंग की नौकरी छोड़कर क्विज शो करना शुरू किया। शुरूआती सालों में ये क्विज गुवाहाटी, शिलॉन्ग, कोहिमा, इम्फाल, दीमापुर समेत पूर्वोत्तर के कई शहरों में हुए थे। ये शो एक इंस्टैंट नूडल्स ब्रांड के प्रचार के लिए थे, जिसका उन क्षेत्रों में एक बड़ा बाजार था।

हर शो के लिए मुझे 2500 रुपए मिलते थे। लेकिन साथ ही वह पूर्वोत्तर की यात्रा करने और उसे अच्छी तरह से समझने का बेहतरीन अवसर भी था। मैंने वहां के लोगों को हमेशा अपने स्वागत के लिए तत्पर पाया। जब भी कोई उनका गलत चित्रण करता है तो मुझे बेहद तकलीफ होती है। इस लेख को लिखते समय मैंने मणिपुर की 30 वर्षीय महिला तोंशिमला लीसन से बात की। वो एक प्रतिष्ठित एयरलाइन के केबिन क्रू में कार्यरत हैं। उन्होंने मुझे बताया कि एक वर्ष पहले दिल्ली मेट्रो में कुछ युवा उन्हें और मेरी मां को घूरे जा रहे थे। उन्होंने उन्हें देखकर चाइनीज, चिंकी जैसी फब्तियां भी कसीं। उनके सहकर्मी भी उनके नामों को लेकर मजाक बनाते हैं। जहां कई यात्री उनकी कड़ी मेहनत की तारीफ करते हैं, वहीं कई अन्य उन्हें अकसर नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं। हाल ही में हादसे के शिकार हुए एअर इंडिया विमान के केबिन क्रू की दो सदस्य भी मणिपुर से थीं। एक कुकी और दूसरी मैतेई समुदाय से थी। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दुःख की घड़ी में पूरा मणिपुर एकजुट था।

कोरोना के दौरान तो पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ भेदभाव के मामले कई गुना बढ़ गए थे। दिल्ली की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर क्रिमिनोलॉजी एंड विक्टिमोलॉजी की ओर से हुए एक अध्ययन में सामने आया कि भारत के लोग जब चीन के लोगों की कल्पना करते हैं तो उसमें पूर्वोत्तर के लोग बिल्कुल फिट बैठते हैं। इससे उनके खिलाफ घृणा के मामले बढ़ रहे हैं। पिछले दिनों संसद में मणिपुर पर दो बार चर्चा हुई। पहली बार 2023 में, जब विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया और दूसरी बार इस साल अप्रैल में। गृह मंत्री अमित शाह ने सदन में कहा कि ह्य13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। बीते नवंबर से लेकर अब तक वहां कोई हिंसा नहीं हुई। इसलिए हमें गलत धारणा बनाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। गृह मंत्री के भाषण से कुछ देर पहले ही आपके इस स्तम्भकार ने राज्यसभा में कहा था कि ह्यबीते 22 महीनों में प्रधानमंत्री ने देश-विदेश में 3.80 लाख किलोमीटर की यात्रा की है।

## थॉमस एल. फ्रीडमैन - लेखक

# इस युद्ध के बाद मध्य-पूर्व का इतिहास बदल सकता है

ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचों पर हमलों को मध्य-पूर्व के इतिहास की एक गेमचेंजर घटना कहना चाहिए। ये जिन घटनाक्रमों को गतिशील करेंगे, उनके दो नतीजे निकल सकते हैं। एक तो यह कि ईरान की हुकूमत गिर जाएगी और उसके स्थान पर एक अधिक धर्मनिरपेक्ष और सर्वसम्मत शासन की स्थापना की जा सकती है। दूसरा यह कि यह संघर्ष पूरे क्षेत्र को आग में झोंक सकता है और अमेरिका को भी इसमें उलझा सकता है। एक मध्य-मार्ग और है : आपसी बातचीत से समाधान, अलबत्ता वह टिकाऊ नहीं होने वाला। इस युद्ध की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार इजराइल ने ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म करने तक लड़ाई जारी रखने की कसम खाई है। और इसके लिए ईरान ही दोषी है। उसने अपने यूरेनियम संवर्धन को बहुत तेजी से बढ़ाया है।

उसने अपने इन प्रयासों को इस हद तक आक्रामक रूप से छिपाया कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को भी कहना पड़ा ईरान अपने परमाणु अप्रसार दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। वैसे, इजराइल ने पिछले 15 वर्षों में कई बार ईरानी परमाणु कार्यक्रम पर निशाना साधा है, लेकिन हर बार वह या तो अमेरिकी दबाव में या अपनी सैन्य क्षमताओं पर संदेह के कारण अंतिम समय पर पीछे हट गया था।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इजराइल द्वारा नतांज जैसी परमाणु संवर्धन फेसिलिटीज पर बमबारी ने यूरेनियम संवर्धन के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले सेंट्रीफ्यूज को पर्याप्त नुकसान पहुंचा दिया है, जिससे वे कुछ समय के लिए निष्क्रिय हो गए हैं? इससे और कुछ नहीं तो ईरान का काम जरूर धीमा हो जाएगा और यह इजराइल की कोई मामूली उपलिब्ध नहीं होगी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि फोर्दो स्थित न्यूक्लियर फेसिलिटी को नुकसान पहुंचाया गया है या नहीं। सवाल यह भी है कि इस संघर्ष का इराक, लेबनान, सीरिया और यमन पर क्या असर होगा, क्योंकि वहां पर ईरान एक लंबे समय से अपना प्रभाव जमाए हुए है और सशस्त्र उग्रवादियों को पोषित करता आया है। हिजबुल्ला की रीढ़ तोड़ने से इस परिदृश्य में बदलाव की शुरूआत पहले ही हो चुकी है और लेबनान-सीरिया में पहले ही इसका लाभ मिल चुका है, जहां नए, बहुलतावादी नेताओं ने सत्ता संभाली है। ईरान के प्रभाव-क्षेत्र से इराक का पलायन भी वहां के लोगों के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय रहा है। एक दृष्टिकोण यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है। इसके लिए उसे होर्मुज स्ट्रैट में कुछ तेल या गैस टैंकरों को डुबोना भर होगा और निर्यात प्रभावी रूप से अवरुद्ध हो जाएगा। वास्तव में इसकी संभावना ही तेल की कीमतों को बढ़ाने के लिए काफी है। आप इजराइल की खुफिया क्षमताओं पर भी ताज्जुब कर सकते हैं, क्योंकि उसने ईरान के शीर्ष मिलिट्री अधिकरियों की सटीक लोकेशन खोजकर उन्हें मार गिराया है। इससे मालूम होता है कि कितने ईरानी अधिकारी इजराइल के लिए काम करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वे अपनी सरकार को नापसंद करते हैं। हालत यह है कि हर बार जब ईरान के सैन्य और राजनीतिक नेता इजराइल के खिलाफ ऑपरेशन की योजना बनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, तो उनमें से प्रत्येक को खुद से पूछना पड़ता है कि कहीं उनके बगल में बैठा व्यक्ति इजराइल का एजेंट तो नहीं? ईरान के सर्वोच्च नेता ने अपने प्रमुख जनरलों को अपनी आंखों के सामने मरते देखा है और उन्हें निश्चित रूप से पता है कि इजराइल उन्हें भी कभी भी खत्म कर सकता है। गाजा के विपरीत इजराइल ने ईरानी नागरिकों पर हमला करने से बचने के लिए हरसंभव प्रयास किया है, क्योंकि अंततः इजराइल चाहता है कि वे खुद अपनी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन करें। क्योंकि उसने उनकी बेहतरी के बजाय परमाणु हथियार बनाने में बहुत सारे संसाधनों को बर्बाद कर दिया है। ईरान के लोग भले ही नेतन्याहू की अपील से प्रेरित न हों, लेकिन यह तय है कि ईरान की हुकूमत अवाम में लोकप्रिय नहीं है। लेकिन अगर इजराइल अपने प्रयास में विफल हो जाता है और तमाम चोटें खाने के बावजूद ईरान परमाणु हथियार बनाने में सक्षम हो जाता है तो इससे क्षेत्र पहले से कहीं अधिक अस्थिर हो जाएगा। तेल संकट भी बढ़ेगा। और संभवतः ईरान अमेरिका-समर्थक अरब शासनों पर हमला करने के लिए प्रेरित हो सकता है। तब अमेरिका के पास इस लड़ाई में कूदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

## बिजनेस

# सेंसेक्स 1046 अंक ऊपर 82,408 पर बंद:निफ्टी 319 अंक चढ़कर 25,100 के पार; बैंकिंग-रियल्टी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार, 20 मई को सेंसेक्स 1046 अंक चढ़कर 82,408 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 319 अंक की तेजी रही, ये 25,112 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में तेजी और 3 में गिरावट रही। एयरटेल, नेस्ले , ट&ट के शेयरों में 3.2% तक की तेजी रही। मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और एक्सिस बैंक में गिरावट रही।

निफ्टी के 50 में से 44 शेयर्स चढ़कर बंद हुए।के रियल्टी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.11% की तेजी रही। हेल्थकेयर, बैंकिंग, जियो पॉलिटिकल तनाव कम होने की उम्मीदः निवेशकों को लगता है कि ईरान-इजराइल संघर्ष आने वाले दिनों में कम हो जाएगी। व्हाइट हाउस ने भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले दो हफ्तों में संभावित हस्तक्षेप पर फैसला लेंगे।

विदेशी और घरेलू निवेशकों की खरीदारीः घरेलू और विदेशी निवेशकों का सपोर्ट बाजार को मजबूती दे रहा है। ने गुरुवार को घरेलू इक्विटी में नेट 934.62 करोड़ रुपए की खरीदारी की, जबकि उ‌‌क्क्र ने भी 605.97 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। फ्क्क का इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग नियमों में ढीलः फ्क्क ने बैंकों और ठइऋष्ठ के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए प्रोविजनिंग नियमों को आसान किया, जिससे बैंकों के पास ज्यादा फंड उपलब्ध हुआ। इस फैसले से बैंकिंग शेयर चढ़े और बाजार को सपोर्ट मिला।।

एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 85 अंक नीचे 38,403 के स्तर पर बंद हुआ। कोरिया के कोस्पी में करीब 44 अंक (1.48%) की तेजी रही, ये 3,022 के स्तर पर है।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 292.74 अंक (1.26%) चढ़कर 23,530 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 2 अंक गिरकर 3,360 पर बंद हुआ। 19 जून को अमेरिकी बाजार जूनटीन्थ के अवसर पर बंद रहे। यह टेक्सास में गुलामी की समाप्ति (19 जून 1865) की याद में मनाया जाता है।

19 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 934.62 करोड़ रुपए और घरेलू निवेशकों (उ‌क्क्र) ने 605.97 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।

जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 4,043.49 करोड़ की बिकवाली की है। जबकि घरेलू निवेशकों ने 59,836.18 करोड़ की नेट खरीदारी है। मई महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 11,773.25 करोड़ रुपए रही। वहीं, घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 67,642.34 करोड़ की नेट खरीदारी की थी।

एरिसइंफ्रा सॉल्यूशंस लिमिटेड का क्काड 18 जून को ओपन है। निवेशक इस इश्यू के लिए आज 20 जून तक बिडिंग कर सकेंगे। 25 जून को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (इरए) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (ठरए) पर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी टोटल ₹499.60 करोड़ जुटाना चाहती है। कंपनी इश्यू में 2.25 करोड़ फ्रेश शेयर्स जारी करेगी। इस इश्यू में कंपनी के मौजूदा निवेशक या प्रमोटर ऑफर फॉर सेल यानी डऋर के जरिए एक भी शेयर नहीं बेचेंगे। मेटल, मीडिया, फार्मा इंडेक्स 1.6% तक चढ़ा।

## राज-काज

### शेयर बाजार में इस हफ्ते तेजी का अनुमान

**मुंबई।** इस सप्ताह 100 से ज्यादा कंपनियां अपने मार्च 2025 तिमाही यानी चौथी तिमाही के नतीजे जारी करेंगी। टेक्नोलॉजीज, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रइक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, टेक महिंद्रा और मारुति सुजुकी जैसी बड़ी कंपनियों के भी रिजल्ट्स आएंगे। बाजार की यूरोपियन यूनियन और चीन के साथ अमेरिका की ट्रेड वार्ता पर कड़ी नजर रहेगी। अमेरिका ने चीन को छोड़कर सभी ट्रेड पार्टनर्स के लिए टैरिफ रेट के इम्प्लिमेंटेशन को 90 दिनों तक रोक दिया है। पिछले हफ्ते अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर 245% टैरिफ की घोषणा की, जिससे दोनों देशों के बीच ट्रेड टैरिफ वॉर बढ़ गई। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दोनों की-पार्टनर्स के साथ समझौते पर पहुंचने की बात कही है। इस बीच पिछले हफ्ते भारतीय इक्विटी में निवेशकों की भावना इस उम्मीद से बढ़ी कि अमेरिका-चीन व्यापार विवाद भारत को नुकसान नहीं।

# स्विस बैंकों में भारतीयों के 37,600 करोड़ जमा:ये 2023 की तुलना में तीन गुना ज्यादा

स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा पैसा 2023 के मुकाबले 2024 में तीन गुना बढ़कर 3.5 अरब स्विस फ्रैंक हो गया है। भारतीय रुपए में ये रकम करीब 37,600 करोड़ रुपए होती है। कल यानी 19 जून को ये आंकड़े जारी किए। ऐसे में कई लोगों के मन में सवाल है कि आखिर ये पैसा कहां से आया? क्या ये काला धन है?

2024 में स्विस बैंकों में भारतीयों का जमा पैसा 3.5 अरब स्विस फ्रैंक, यानी करीब 37,600 करोड़ रुपए हो गया है। ये 2023 की तुलना में तीन गुना ज्यादा है। तब ये रकम सिर्फ 1.04 अरब स्विस फ्रैंक (करीब ₹11,000 करोड़) थी। ये 2021 के बाद सबसे ज्यादा रकम है, तब ये 3.83 अरब स्विस फ्रैंक (करीब ₹41 हजार करोड़) थी।

ये पैसा भारतीय व्यक्तियों और कंपनियों का है, जो स्विस बैंकों में जमा है, लेकिन ज्यादातर बढ़ोतरी बैंकों और वित्तीय संस्थानों के जरिए आए फंड्स की वजह से हुई है।

व्यक्तिगत ग्राहकों के खातों में जमा राशि सिर्फ 11% बढ़ी है, जो करीब 346 मिलियन स्विस फ्रैंक, यानी करीब 3,675 करोड़ रुपए है। यानी कुल रकम का सिर्फ 10वां हिस्सा ही व्यक्तिगत खातों से है। बाकी पैसा बैंकों, वित्तीय संस्थानों, बॉन्ड्स और सिक्योरिटीज जैसे रास्तों से आया है। सवाल 3ः भारतीय बैंक स्विस बैंकों में पैसा क्यों जमा करते हैं? अंतरराष्ट्रीय कारोबार और लेन-देन आसान हो। बॉन्ड्स, सिक्योरिटीज में निवेश से बेहतर रिटर्न मिले। स्विट्जरलैंड के स्थिर और सुरक्षित बैंकिंग सिस्टम का फायदा। विदेशी मुद्रा प्रबंधन और ग्लोबल फाइनेंशियल सिस्टम में हिस्सेदारी।जवाबः नहीं, स्विस अधिकारियों और भारतीय सरकार ने साफ किया है कि स्विस बैंकों में जमा सारा पैसा काला धन नहीं माना जा सकता। ये आंकड़े स्विस नेशनल बैंक (रठइ) के आधिकारिक रिकॉर्ड से हैं, जो बैंकों की देनदारियों (लाइबिलिटीज) को दिखाते हैं।

इसमें वो पैसा शामिल नहीं है, जो भारतीय, ठफक्कया अन्य लोग तीसरे देशों की कंपनियों के नाम पर जमा करते हैं। स्विस अधिकारी कहते हैं कि वो भारत के साथ टैक्स चोरी और धोखाधड़ी के खिलाफ लड़ाई में सहयोग करते हैं।ः तो फिर इतनी बड़ी रकम स्विस बैंकों में क्यों जमा हो रही है?

# पाकिस्तान में बढ़ सकती है महंगाई, लगेंगी आर्थिक पाबंदियां

**नई दिल्ली।** भारत में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय संस्था ऋअळऋ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) पाकिस्तान को चौथी बार ग्रे लिस्ट में डालने की तैयारी कर रही है। मनीकंट्रोल के मुताबिक जून के आखिर या जुलाई की शुरूआत में पाकिस्तान पर रिपोर्ट जारी कर उसे ग्रे लिस्ट में डाल सकता है।

इससे पाकिस्तान पर कई तरह के आर्थिक पाबंदियां लग सकती हैं। हाल ही में फ्रांस में हुई ऋअळऋकी बैठक में भारत ने पहलगाम हमले, पाकिस्तान की आतंकवाद को फंडिंग और सरकारी समर्थन का मुद्दा उठाया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। ऋअळऋने इसकी निंदा करते हुए कहा था ऐसे हमले बिना फंडिंग के संभव नहीं है।

यानी फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, जो मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को सफेद करना) और आतंकवाद को फंडिंग देने वाली गतिविधियों पर नजर रखती है। ग्रे लिस्ट में उन देशों को डाला जाता है, जो आतंकवाद की फंडिंग या मनी लॉन्ड्रिंग रोकने में पूरी तरह नाकाम रहते हैं। ऐसे देशों की निगरानी होती है, और उन्हें विदेशी फंडिंग मिलना मुश्किल हो जाता है।टेरर फंडिंग को रोकने में नाकामः भारत ने दावा किया है कि पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद, को फंडिंग रोकने में नाकाम रहा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पर पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने का दवाब बना रहा है।मनी लॉन्ड्रिंगः भारत ने ऋअळऋको बताया कि पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों के लीडर्स के खिलाफ ठोस जांच और सजा सुनिश्चित करने में कमी दिखाई है। पाकिस्तान का मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद फंडिंग रोकने का ढांचा अभी भी कमजोर है। अंतरराष्ट्रीय दबावः भारत ने ऋअळऋकी जून 2025 की बैठक में और उसके बाद 200 से ज्यादा देशों के साथ खुफिया जानकारी साझा की, जिसमें पाकिस्तान के आतंकवाद समर्थन के सबूत दिए गए हैं। जिससे पाकिस्तान पर फिर से ग्रे लिस्ट में डाले जाने का खतरा बढ़ गया है। भारत ने के सामने पाकिस्तान के खिलाफ मजबूत सबूत पेश किए हैं। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ कानून बनाने और आतंकियों को सजा देने में ढिलाई बरती है। भारत ने 200 से ज्यादा सदस्य देशों के साथ खुफिया जानकारी साझा की और अगस्त 2025 में होने वाली एशिया-पैसिफिक ग्रुप की मीटिंग और अक्टूबर 2025 में ऋअळऋकी अगली मीटिंग में पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डालने की मांग की है।




शिया मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना कल्बे जवाद और अन्य लोगों ने लखनऊ के बड़े इमामबाड़े में चल रहे ईरान-इजरायल संघर्ष को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

### ब्रेन ट्यूमर-कैंसर ही गंभीर बीमारी माना, प्रमुख सचिवों ने मंत्रियों की लिस्ट में की भारी काट-छांट

# तबादला सीजन में मंत्रियों, अफसरों में खुला विरोध उजागर

**संवाददाता ● भोपाल**

प्रदेश में 47 दिनों तक तबादले का समय मिलने के बाद कई विभागों ने समय पर ट्रांसफर लिस्ट जारी नहीं की है। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग का नाम सबसे ऊपर है। जिसके चलते मुख्यमंत्री ने सात दिन का अतिरिक्त समय सभी विभागों को दिया था। तबादला सीजन में मंत्रियों और प्रमुख सचिवों व विभागाध्यक्षों के बीच तालमेल की कमी भी खुलकर सामने आई है। तबादले के लिए तमाम मनुहार कर बैन हटवाने वाले मंत्रियों को मनमाफिक तबादला आदेश जारी कराने का मौका नहीं मिल सका है। अफसरों ने इसके लिए सरकार के नियमों को भी दरकिनार किया है। कई विभागों में आठ फीसदी तक तबादले नहीं हो पाए हैं। वहीं कई विभागों द्वारा अब बैकडेट में तबादला आदेश जारी किए जा रहे हैं। 17 जून को तबादले की समय सीमा खत्म हो गई है लेकिन विभागों द्वारा तबादला आदेश जारी करने का सिलसिला अभी जारी है। ये आदेश 17 जून की डेट में जारी हो रहे हैं। राजस्व विभाग ने 509 पटवारियों का तबादला करने के बाद 89 पटवारियों की दूसरी तबादला सूची 18 जून की आधी रात जारी की है और अभी कुछ सूची जारी करने की तैयारी है। खनिज साधन विभाग ने भी अपनी सूची 18 जून को ही जारी की है।

**आदेश**



### मंत्री प्रहलाद पटेल की नहीं चली तबादले में

प्रहलाद पटेल मोहन कैबिनेट के कद्दावर मंत्रियों में गिने जाते हैं लेकिन 47 दिन के तबादला एक्सप्रेस में अफसरों ने उनकी नहीं सुनी। तबादला आदेश जारी करने के दौरान अफसरों ने यह कहकर मंत्री के यहां से आए नाम रिजेक्ट कर दिए कि तीन फार्मूले में फिट नहीं बैठते। ये फार्मूले पारस्परिक तबादला, गंभीर बीमारी कैंसर या ब्रेन ट्यूमर तथा तीसरा महिला का अपने परिवार से दूर पदस्थ होना बताया गया। इसके बाद मंत्री के यहां से आए तबादले नहीं किए गए। वहीं दूसरी ओर इस फार्मूले से इतर तबादले आजीविका मिशन, आरईएस, पंचायत राज समेत अन्य विभागाध्यक्ष कार्यालयों में खुलकर किए गए। विभागाध्यक्षों ने गंभीर बीमारी की नई परिभाषा तय कर दी है कि अब हार्ट या अन्य किसी तरह की बीमारी को गंभीर नहीं माना जाएगा, अगर किसी को ब्रेन ट्यूमर या कैंसर होगा, तभी उसे गंभीर बीमार माना जाएगा।

### राजस्व विभाग में हुए सिर्फ ढाई प्रतिशत तबादले

राजस्व विभाग में दस प्रतिशत तबादले किए जाने थे लेकिन प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल और आयुक्त भू अभिलेख अनुभा श्रीवास्तव ने मंत्री करण सिंह वर्मा की नहीं सुनी। मंत्री ने जो सूची भेजी, उसमें भारी काट-छांट करते हुए प्रमुख सचिव और सीएलआर ने नाम मात्र तबादले किए हैं। इसी कारण मंत्री प्रमुख सचिव से खासे नाराज भी हैं। बताया जाता है कि राजस्व विभाग में तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार और नायब तहसीलदार, प्रभारी नायब तहसीलदार, पटवारी के सिर्फ ढाई प्रतिशत ही तबादले किए गए हैं। मंत्री द्वारा सीएम से शिकायत किए जाने के बाद अब अंतिम दौर में यह आंकड़ा चार प्रतिशत तक पहुंच सकता है।

### सभी विभागों की तबादला डेट बढ़ी वही जारी नही कर पाया सूची

तबादले को लेकर सबसे अधिक तवज्जो सरकार ने स्कूल महकमे को दी। इसी महकमे के कारण दूसरे विभागों को सात दिन का अतिरिक्त समय सरकार ने तबादलों के लिए दे दिया लेकिन यह विभाग अब तक तबादला सूची जारी नहीं कर पाया। लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता, यहां पदस्थ संचालक केके द्विवेदी व अन्य इस मामले में कोई बात नहीं करना चाहते, मंत्री ने सिफारिशों से परेशान होकर मोबाइल बंद कर लिया है। विभाग के सचिव डॉ संजय गोयल कहते हैं कि जितने तबादले होने थे वह हो गए हैं। डॉ गोयल इस बात को भी नकारते है कि पोर्टल में कोई दिक्कत हुई है जिसके कारण तबादला आदेश जारी करने में देरी हुई है। हालांकि स्कूल शिक्षा विभाग में तबादला आदेश ऑनलाइन दिखाई नहीं दे रहे हैं।

### विभाग ने एक दिन बाद जारी किए आदेश पर तारीख सही डाली

तबादलों के लिए सरकार ने टाइम लिमिट 17 जून तय की थी। जनजातीय कार्य विभाग ने इस अवधि तक सभी तबादला आदेश जारी नहीं किए और कई आदेश एक दिन बाद जारी किए। ऐसे में 17 जून को जारी आदेश तो उसी डेट में जारी हुए लेकिन इसके बाद हुए तबादलों के आदेश बैकडेट में जारी करने के बजाय उसी डेट में जारी हुए जिस डेट में आदेश हुए। ये सभी आदेश 18 जून की डेट में जारी किए गए हैं।

## शॉट न्यूज

### एयर डक्ट से छात्रा के कमरे में घुस गलत काम की कोशिश

**देवास।** मध्य प्रदेश के देवास जिले से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक निजी मेडिकल कॉलेज के परिसर में एक डॉक्टर को एक मरीज से बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अन्य घटना में एक अज्ञात व्यक्ति ने उसी परिसर में एक एमबीबीएस की छात्रा पर चाकू से हमला करके यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की। इस मामले में भी एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। डॉक्टर रूपम जैन पर आरोप है कि उन्होंने एक 17 वर्षीय लड़की को चेक-अप और काउंसलिंग के लिए बुलाया और फिर उससे बलात्कार किया। दूसरी घटना में एक अज्ञात व्यक्ति ने एक छात्रा के कमरे में घुसकर उस पर हमला किया।

### नकली कीटनाशक फैक्ट्री पकड़ाई, चल रहा था धोखाधड़ी का खेल

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में जिला प्रशासन ने जहरीली खाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। किसानों की मेहनत और फसल पर मंडरा रहे बड़े खतरे को पहले ही नाकाम कर दिया। प्रशासन ने सख्त कार्रवाई कर सतना में नकली फंगीसाइड (कीटनाशक) बनाने वाली एक अवैध इकाई का भंडाफोड़ कर दिया। दरअसल, एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया के नेतृत्व में प्रशासन और बायर कंपनी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। उन्होंने नई बस्ती स्थित एक मकान पर छापा मारकर 4 क्विंटल नकली कीटनाशक दवा जब्त की है। जब्त माल की बाजार कीमत लाखों में आंकी गई है। जांच में सामने आया कि उक्त कीटनाशक बायर कंपनी के नेटिव ब्रांड के नाम पर तैयार किया जा रहा था। जिसकी एक यूनिट की कीमत 1136 रुपए है। यह नकली उत्पाद किसानों के खेतों तक पहुंचने से पहले ही पकड़ में आ गया।

### 25 हजार में बेचे खाते, 8 करोड़ का लेनदेन

**ग्वालियर।** ग्वालियर में शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर की गई 28 लाख रुपए की ठगी के मामले में क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खातों में ठगी की रकम से 2.70 लाख रुपए ट्रांसफर हुए थे। लेकिन पुलिस उस समय चौंक गई जब इन खातों की जांच में सामने आया कि एक साल में इन खातों से करीब 8 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ है। जांच में पता चला कि गिरफ्तार आरोपी सिर्फ नाम के खाताधारक हैं। इन्होंने 25-25 हजार रुपए लेकर बैंक में अपने नाम से खाते खुलवाए और फिर उन्हें ठगों को बेच दिया। न तो उनके मोबाइल नंबर खातों से लिंक हैं, न ही उनके पास एटीएम कार्ड या पासबुक हैं। पुलिस को शक है कि ठगों को खाते बेचने का पूरा नेटवर्क शहर के आनंद नगर और हजीरा क्षेत्र में सक्रिय है। अब पुलिस मास्टर माइंड की तलाश कर रही है।

# हमें दोष न दें... मेयर का जवाब, एसीएस को सुनाई खरी-खरी

### प्रशासनिक प्रक्रिया के बारे में भी दी जानकारी

**संवाददाता ● भोपाल**



राजधानी भोपाल की मेयर मालती राय ने हाल ही में एक अहम मुद्दे को लेकर राज्य सरकार के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संजय शुक्ला को पत्र लिखा है। यह पत्र उस आदेश के संदर्भ में है, जिसमें मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) को भेजी गई फाइलों का 10 दिन के भीतर निराकरण करने की समयसीमा तय की गई थी। इस आदेश के अनुसार, समय पर फाइलों का निपटारा न होने की स्थिति में जनप्रतिनिधियों को दोषी ठहराया गया है। इस पर न सिर्फ भोपाल की मेयर ने आपत्ति जताई है, बल्कि प्रदेश के अन्य महापौरों ने भी इस आदेश का विरोध किया है।

**विरोध**

**कई मेयरों ने जताया विरोध-** मेयर मालती राय ने अपने पत्र में साफ तौर पर कहा है कि "हम चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं और अपने दायित्वों को लेकर पूरी तरह सचेत रहते हैं। फाइलों के विलंब के लिए बिना किसी ठोस आधार के महापौर या मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) को जिम्मेदार ठहराना हमारी गरिमा के विरुद्ध है।"

**मेयर मालती राय ने क्या लिखा -** उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि किसी भी प्रक्रिया में प्रशासनिक स्तर पर कई चरण होते हैं, जिनमें समय लगना स्वाभाविक है। ऐसे में विलंब के लिए सीधे तौर पर जनप्रतिनिधियों को दोषी ठहराना अनुचित और असंवेदनशील है। मालती राय ने अपने पत्र में यह मांग की है कि ऐसे निर्देशों को पुनः विचार कर स्पष्ट किया जाए कि जनप्रतिनिधि किसी भी स्थिति में दोषी न ठहराए जाएं, जब तक उनके स्तर पर कोई ठोस लापरवाही साबित न हो। प्रदेश के अन्य महापौरों ने भी इसी प्रकार की आपत्ति जताई है और इस आदेश को जनप्रतिनिधियों की स्वायत्तता और सम्मान के खिलाफ माना है। मालती राय के इस कदम को जनप्रतिनिधियों की गरिमा की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह मामला अब राज्य प्रशासन और नगरीय निकायों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता को भी उजागर करता है। उम्मीद की जा रही है कि एसीएस द्वारा इस विषय पर पुनर्विचार किया जाएगा और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सम्मानपूर्वक समझा जाएगा।

# भेल फाउंड्री गेट पर मांगों को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन



**संवाददाता ● भेल**

वर्षों बाद भी बीएचईएल में कार्यरत ठेका और सोसायटी मजदूरों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। इसको लेकर ठेका श्रमिक समाज सेवी मृणालिनी सिंह सेंगर के नेतृत्व में लगातार अपने हक की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को भी मजदूरों ने मृणालिनी सिंह सेंगर के नेतृत्व में पांच नंबर स्थित फाउंड्री गेट के सामने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। मजदूरों ने जल्द से जल्द एरिया और दीपावली का बोनस दिलाए जाने की मांग की। इस मौके पर मृणालिनी ने कहा कि भेल मैनेजमेंट और ठेकेदारों द्वारा वर्षों से श्रमिकों का शोषण किया जा रहा है। मजदूरों का शोषण बंद कर जल्द से जल्द उन्हें उनका हक दिलाया जाया। मजदूरों को जब तक उनका हक नहीं मिल जाता यह लड़ाई जारी रहेगी।

### वंदे भारत ट्रेन में बवाल, झांसी में किया हमला, भाजपा एमएलए के समर्थकों पर आरोप

# विधायक समर्थकों ने बुजुर्ग यात्री को पीटा! नाक से बहा खून

**संवाददाता ● भोपाल**

दिल्ली से भोपाल आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के एक्जीक्यूटिव कोच में सवार एक यात्री के साथ झांसी रेलवे स्टेशन पर 7-8 लोगों ने मारपीट की। मारपीट का आरोप यूपी के झांसी के बबीना से भाजपा विधायक राजीव सिंह के समर्थकों पर लगा है। ट्रेन में सवार यात्रियों ने बताया कि झांसी जिले की बबीना विधानसभा से भाजपा विधायक राजीव सिंह वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच E-2 में पत्नी और बेटे के साथ दिल्ली से सवार हुए थे। राजीव सिंह का सीट नंबर 8 था जबकि उनकी पत्नी कमली सिंह का सीट नंबर 50 और बेटे श्रेयांश सिंह का नंबर 51 था।

**आरोप**

49 नंबर की विंडो सीट पर राज प्रकाश नाम के यात्री बैठे हुए थे। विधायक ने उनसे कहा कि तुम मेरी 8 नंबर की सीट पर चले जाओ। राज प्रकाश ने सीट बदलने से मना कर दिया। इसके बाद जैसे ही ट्रेन झांसी रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो ट्रेन के कोच में 7 से 8 लोग आए और 49 नंबर की सीट पर बैठे राज प्रकाश के साथ जमकर मारपीट की। लात-घूंसे से पीटा। उनकी नाक में फ्रैक्चर भी हो गया है।

### पूर्व मंत्री रावत ने सुरक्षा पर उठाए सवाल

जिस वक्त ट्रेन में मारपीट हुई, उस वक्त पूर्व मंत्री रामनिवास रावत भी उसी कोच में सवार थे। पूर्व मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर घटना के बारे में लिखा- 'वंदे भारत (20172 दिल्ली से भोपाल) में एक्जीक्यूटिव क्लास (E2) में सीट नंबर 49 पर बैठे एक व्यक्ति के साथ 7-8 बाहर से आए लोगों ने पूरे कोच के यात्रियों के सामने मारपीट की। घायल व्यक्ति के नाक, मुंह, कान से खून बहने लगा। इन लोगों का साथ पुलिस के कुछ लोग भी दे रहे थे।'



### दहशत में नजर आए पीड़ित यात्री राज प्रकाश

ट्रेन जैसे ही रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंची, मारपीट के पीड़ित यात्री राज प्रकाश से बात करने की कोशिश की। वे इतने डरे हुए थे कि उन्होंने बात करने से मना कर दिया। बस इतना कहा- मैं पुलिस में शिकायत कर रहा हूं। वहीं, बीजेपी विधायक राजीव सिंह ने वीडियो जारी कर बताया- कोच में सीट नंबर 49 और 52 पर बैठे दोनों यात्री आपत्तिजनक स्थिति में पैर फैलाए थे। वे भोजन कर रहे थे। मैंने उनसे ठीक से बैठने को कहा, ताकि मेरी पत्नी और अन्य यात्रियों को आने-जाने में असुविधा न हो, तो वे मुझसे बहस करने लगे। उन्होंने अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। उनका व्यवहार असहज करने वाला था। मामला शांत करने के लिए मैं कोच की गैलरी में आ गया। इससे उन्हें लगा कि मैं फोन लगाकर उनकी शिकायत कर रहा हूं।


# राजधानी में कार से डॉग कुचलने का मामला

### कोहेफिजा पुलिस से पशु प्रेमी बोले- एफआईआर दर्ज करो, धाराएं भी बताई

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल के कोहेफिजा के शहीद नगर में कार से कुत्ते को कुचलने के मामले में पशु प्रेमी कार्रवाई की मांग को लेकर आगे आए हैं। थाना प्रभारी केजी शुक्ला ने पहले बताया था कि एक महिला ने कार्रवाई की मांग को लेकर आवेदन दिया था। बाद में महिला ने शिकायत वापस ले ली थी। वहीं गुरुवार को मामले में पीपुल्स फॉर एनीमल नाम का एनजीओ कुत्ते को कुचलने वाली महिला पर कार्रवाई की मांग को लेकर आगे आया है। एनजीओ की ओर से दिए आवेदन में पुलिस को किन धाराओं में मामला दर्ज करना चाहिए यह भी बताया गया है। हालांकि

**मामला**



कोहेफिजा पुलिस पूरी घटना को हादसा बता रही है। पीपुल्स फॉर एनीमल एनजीओ की स्वाति गौरव ने बताया कि हमने कोहेफिजा थाने के प्रभारी केजी शुक्ला को शिकायती आवेदन दिया है। इसमें बताया कि कार चला रही महिला ने जानकर कुत्ते को कुचला है। इसकी पुष्टि घटना के सीसीटीवी फुटेज में भी हो रही है। लिहाजा आरोपी महिला पर पशुक्रूरता अधिनियम सहित लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में केस दर्ज करना चाहिए।

**फुटेज को अहम साक्ष्यों के तौर पर रखें -** एनजीओ ने सीसीटीवी फुटेज को एहम साक्ष्यों के तौर पर रखना चाहिए और कुत्ते को कुचलने वाली कार को जब्त कर चालक की गिरफ्तारी करना चाहिए। स्वाति का कहना है कि कार्रवाई नहीं करने की हालत में आगे वैधानिक कार्रवाई के लिए आला अधिकारियों से लेकर कोर्ट तक जाएंगे।

### श्योपुर में कई गांवों का संपर्क टूटा; एमपी के 6 जिलों में हैवी रेन का अलर्ट

# ग्वालियर में रोड धंसी, शिवपुरी में ट्रैक्टर-ट्रॉली बही

**संवाददाता ● भोपाल/ग्वालियर**

मध्यप्रदेश में बारिश का दौर जारी है। शिवपुरी के कुंअरपुर गांव के पास उफनती पुलिया पार कर रहा ट्रैक्टर बह गया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने ट्रैक्टर में सवार चारों लोगों को बचा लिया है। धार जिले के मांडू की खुद नदी में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। ग्वालियर में बारिश के कारण रोड धंस गई, जिससे एक तलघर ढह गया। आसपास के मकानों में दरारें आ गईं। श्योपुर में खिरखिरी नदी उफान पर आ गई, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया।

**अलर्ट**

**आज इन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट -** अगले कुछ घंटों में 6 जिलों- गुना, शिवपुरी, श्योपुर, रायसेन, विदिशा और नरसिंहपुर में भारी बारिश होने की संभावना है। अशोकनगर, ग्वालियर, मुरैना, दतिया, सागर, भोपाल, नीमच, मंदसौर, राजगढ़, आगर-मालवा, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, टीकमगढ़, निवाड़ी, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, कटनी, सतना, मैहर, रीवा, पन्ना, सीधी, उमरिया, सिंगरौली, जबलपुर, दमोह और सीहोर में भी बारिश और आंधी का अलर्ट है। पिछले 24 घंटे के दौरान 27 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश हुई। सबसे ज्यादा नर्मदापुरम और मंडला में 2 इंच से ज्यादा पानी गिर गया।



**ट्रफ, साइक्लोनिक सकुर्लेशन-लो प्रेशर एरिया एक्टिव -** सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान में लो प्रेशर एरिया, तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन और दो ट्रफ की एक्टिविटी है। एक ट्रफ प्रदेश के पास से गुजर रही है। इन वजहों से प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी है।

### अशोकनगर में लगातार 5 घंटे से बारिश जारी

अशोकनगर में शुक्रवार सुबह 7 बजे से बारिश शुरु हुई जो दोपहर 12 बजे के बाद भी जारी है। लगातार पानी गिरने से छोटे नाले भर गए हैं। बीते 24 घंटे में 31 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। पन्ना जिले में मानसून के दस्तक देते ही बारिश का दौर शुरु हो गया। लोगों ने छाते निकाल लिए हैं। बीते 24 घंटे में यहां 2.01 मिमी बारिश दर्ज की गई है। टीकमगढ़ में आज सुबह से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान जिले में 8.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से लेकर 19 जून तक 1.5 इंच औसत बारिश हो चुकी है। मौसम में आए बदलाव से रात का तापमान 25 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जबकि गुरुवार को दिन का तापमान 40 डिग्री रहा। श्योपुर के कराहल में बीती रात से बारिश जारी है, इससे खिरखिरी नदी उफान पर आ गई है। पुलिया पर पानी आने से 6 से ज्यादा गांव का संपर्क टूट गया है।

!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
दैनिक आदित्य भारत
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, शनिवार, 21 जून, 2025
www.adityabharat.com



# काजोल को अजय के घर पर ना रहने से होती है खुशी?



काजोल और अजय देवगन की शादी को दो दशकों से ज्यादा हो गया है। ये जोड़ी बॉलीवुड के मोस्ट फेवरेट कपल्स में से एक हैं। दोनों ही अक्सर एक दूसरे को सपोर्ट करते नजर आते हैं। हालांकि शादी के 26 साल बाद, काजोल का कहना है कि उनके रिश्ते को लेकर पिछली सभी शिकायतें पीछे छूट गई हैं। हाल ही में इंस्टेंट बॉलीवुड से बातचीत में, काजोल ने बताया कि कैसे अजय की लगातार फिल्म शूटिंग के कारण उन्हें कभी-कभी घर से दूर रहना पड़ता है, जिसके फायदे और नुकसान दोनों हैं। काजोल कहती हैं, 'दोनों ही अच्छे और बुरे हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है कि अच्छा हुआ 40 दिन का आउटडोर है और कभी-कभी ऐसा लगता है कि उसे कुछ समय के लिए घर पर रहना चाहिए था।' एक्ट्रेस ने ये एक्सपेक्ट किया कि दूरी कभी-कभी मदद कर सकती है, लेकिन ऐसे पल भी आते हैं जब वह चाहती हैं कि वह ज़्यादा समय तक उनके आस-पास रहे। उन्होंने आगे कहा कि समय के साथ, उन्होंने अपनी रिदम पा ली है और एक-दूसरे की लाइफस्टाइल को एडप्ट करना सीख लिया है। एक्ट्रेस ने कहा, 'लेकिन हम इतने सालों से साथ हैं और यह एक ऐसी ज़िंदगी है जिसे हमने साथ जिया है। इसलिए यह सब आदत का हिस्सा बन गया था, मुझे लगता है कि हमें इसकी आदत हो गई है वह बहुत भावुक हैं और अगर वह फ़िल्में नहीं बनाते तो वह आज जो है, वह नहीं होते।' जब उनसे पूछा गया कि क्या अजय के बारे में उन्हें अब भी कुछ परेशान करता है, तो काजोल ने जवाब दिया, 'मुझे कोई शिकायत नहीं है। मुझे जो भी शिकायतें थीं, हमने उन्हें सुलझा लिया है और वे अब पुरानी हो चुकी हैं।' बता दें कि काजोल और अजय की पहली मुलाकात 1995 में हलचल के सेट पर हुई थी और 1999 में दोनों ने शादी कर ली थी। ये जोड़ी दो बच्चों, निसा देवगन और युग देवगन के माता-पिता हैं। काजोल और अजय देवगन ने हलचल, गुंडाराज, इश्क, प्यार तो होना ही था, दिल क्या करे, राजू चाचा और यू मी और हम जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। वर्क फ्रंट की बात करें तो काजोल अपनी अपकमिंग हॉरर फिल्म मां की रिलीज़ के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है और इसका निर्माण उनके पति अजय देवगन ने किया है। ये फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। मां में रोनित रॉय, इंद्रनील सेनगुप्ता और सुरज्यसिखा दास ने भी अहम रोल प्ले किया है। देवगन फिल्म्स और जियो स्टूडियो द्वारा निर्मित यह फिल्म पौराणिक कथाओं और हॉरर का कॉकटेल है।

**बोलीं- 'मुझे जो भी शिकायतें थीं वो...**

# सलमान की फिल्म से किया था डेब्यू, कभी नहीं बन पाई स्टार

## बॉलीवुड के मशहूर एक्टर की हैं बेटी, पहचाना?



बॉलीवुड में ऐसे कई सितारे हैं, जिन्होंने दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी और आज भी इंडस्ट्री में अपने कुछ मशहूर किरदारों के लिए याद किए जाते हैं। हिंदी सिनेमा में भी एक ऐसे ही स्टार हैं महेश मांजरेकर, जिन्हें आज भी 'कुरुक्षेत्र' में इंस्पेक्टर दया नायक, 'स्लमडॉग मिलियनेयर' में जफर भाई, 'दबंग' में राज यादव उर्फ राजभाई जैसी भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है। दिग्गज अभिनेता महेश की तरह ही उनकी बेटी सई मांजरेकर भी खूब चर्चा में रही है। उन्होंने 2019 में 'दबंग 3' से डेब्यू करने के बाद अपनी खूबसूरती और काम से लोगों का दिल जीत लिया था। सई ने सलमान खान के साथ अपने ड्रीम करियर की शुरुआत की और अपनी उम्र से दोगुनी उम्र के एक्टर के साथ रोमांस किया। दुख की बात यह थी कि 'दबंग 3' के बाद उन्हें वह पहचान नहीं मिल पाई, जिसकी उन्हें उम्मीद थी। हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई, लेकिन इसे सई फेमस हो गईं। उन्हें इस फिल्म में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बेस्ट फीमेल डेब्यू फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था। सलमान, जो उनसे 37 साल बड़े हैं। उनके साथ रोमांस करने के लिए उन्हें भारी ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। अपनी फिल्मी जर्नी की शुरुआत के बाद, सई ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया कि वह फिल्म की रिलीज के बाद छह महीने तक सोशल मीडिया से दूर रहीं। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि मुझे अपनी उम्र से बड़े एक्टर के साथ रोमांस करने पर ट्रोल किया जा रहा है क्योंकि उस समय मैंने करियर की शुरुआत की थी और मेरे पास कोई पीआर नहीं था, इसलिए मैं इन सब से बेखबर थी। मैं बस बड़े पर्दे पर सलमान सर के साथ खुद को देखकर खुश थी।'


# बॉयफ्रेंड करण कुंद्रा संग काम करेंगी तेजस्वी प्रकाश?



तेजस्वी प्रकाश टीवी की मोस्ट पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। हाल ही में अभिनेत्री सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में नज़र आईं थी। अब उन्होंने एक नए फिक्शन प्रोजेक्ट पर काम करना शुरू कर दिया है। रियलिटी शो से पहले, वह नागिन 6 में नज़र आईं थीं। अपने काम के अलावा, तेजस्वी अक्सर टीवी एक्टर करण कुंद्रा संग अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में छाई रहती हैं। फैंस इस जोड़ी को बेहद प्यार करते हैं और उन्हें 'तेजरन' कहते हैं। इन सबके बीच तेजस्वी-करण के रोमांस को लेकर मीडिया में अलग-अलग खबरें आती रहती हैं। कभी कहा जाता है कि वे शादी करने की प्लानिंग कर रहे हैं तो कभी-कभी ये कहा जाता है कि वे किसी प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं, और कभी रिपोर्ट में कहा जाता है कि वे अलग हो गए हैं। वहीं अब एक्ट्रेस ने इन सब पर अपना रिएक्शन दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक तेजस्वी ने करण संग अपने रिश्ते को लेकर कहा, 'मुझे पता है कि मेरी पर्सनल लाइफ पर बहुत ध्यान दिया जाता है।।। लेकिन मुझे नहीं लगता कि पूरा ध्यान सिर्फ़ उसी पर है।।। हमें साथ में बहुत प्यार मिलता है, लेकिन करण भी इंडीपेंडेंटली अपने प्रोजेक्ट कर रहे हैं, और मैं भी अपने प्रोजेक्ट इंडीपेंडेंटली कर रही हूं। मुझे नहीं लगता कि इसने काम के मामले में हमें प्रभावित किया है। बता दें कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा बिग बॉस 15 में मिले थे और शो के दौरान उन्हें एक दूसरे से प्यार हो गया था। तेजस्वी आगे मजाक में कहती हैं, 'वास्तव में, मुझे लगता है कि लोग हमें साथ में देखने के लिए तरसते हैं। लेकिन हम (साथ में) बहुत एक्सपेंसिव हैं। '

# 'दृश्यम' और 'अंधाधुन' से भी तगड़ा सस्पेंस

'दृश्यम' और 'अंधाधुन' की कहानी इतनी दमदार है कि दर्शक कभी भूल नहीं सकते हैं। साउथ सिनेमा लंबे समय से मनोरंजन जगत में अपनी बेहतरीन एक्शन, सस्पेंस-थ्रिलर के कारण चर्चा में है। ऐसे में अगर आप भी सस्पेंस थ्रिलर देखना चाहते हैं तो इस साल रिलीज हुई इस धमाकेदार फिल्म को देख अपना मनोरंजन कर सकते हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आए दिन कई तरह की फिल्में रिलीज होती रहती हैं। लेकिन, अगर आप सस्पेंस-थ्रिलर के शौकीन है तो आपके लिए प्राइम वीडियो की ये मूवी बेस्ट ऑप्शन साबित होगी। हम जिस साउथ फिल्म की बात कर रहे हैं। उसकी कहानी की खासियत यह है कि उसमें हीरो ही असली विलेन निकलता है। सस्पेंस-थ्रिल मामले में अगर आपको 'दृश्यम' और 'अंधाधुन' बहुत पसंद है तो आज हम आपको जिस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। उसे देख आपका दिमाग हिल जाएगा। इस फिल्म का नाम है 'इलेवन'। फिल्म 'इलेवन' साल 2025 की बेस्ट मिस्ट्री थ्रिलर में से एक है। यह तमिल और तेलुगु भाषा में बनी है, जिसे ओटीटी पर खूब पसंद किया जा रहा है।



# प्रियंका को स्टार बनाने के लिए बेटे को रिश्तेदारों के पास भेज दिया था

प्रियंका चोपड़ा की सफलता की कहानी जितनी ग्लैमरस दिखती है, उतनी ही कठिन भी रही है। हालांकि, दुनिया उनकी जीत और शोहरत की बात करती है, लेकिन इस सफलता के पीछे कई ऐसे अनदेखे पहलू हैं, जिनकी चर्चा कम होती है। हाल ही में प्रियंका की मां डॉ. मधु चोपड़ा ने अपनी बेटी के स्टार बनने के सफर और उससे जुड़े निजी संघर्षों को लेकर कई अहम खुलासे किए। डॉ. मधु चोपड़ा ने अभिनेत्री देबिना बनर्जी के टॉक शो में बताया कि प्रियंका के करियर को मजबूत करने के लिए उन्होंने और उनके पति ने कई बलिदान दिए। यहां तक कि एक वक्त ऐसा भी आया जब उन्हें अपने बेटे सिद्धार्थ चोपड़ा को अमेरिका में रिश्तेदारों के पास छोड़ना पड़ा क्योंकि हम मुंबई में सेटल होने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा, "हमने अपने बेटे को अमेरिका में छोड़ दिया क्योंकि हम यहां खुद अस्थिर थे। जब हालात सुधरे तो हमने उसे वापस बुलाया। उसके लिए भी यह दौर बहुत कठिन था। मधु चोपड़ा ने यह भी स्वीकार किया कि प्रियंका की सफलता की दौड़ में सिद्धार्थ कहीं न कहीं अनजाने नेगलेक्ट हो गए। लेकिन इसी अनुभव ने उन्हें मजबूत भी बनाया। उन्होंने बताया, "सिद्धार्थ ने खुद ही कॉलेज एडमिशन लिया, स्विट्जरलैंड गया और खुद के पैरों पर खड़ा हुआ। उसने कभी हमसे कोई मदद नहीं मांगी। इस बातचीत में यह भी सामने आया कि प्रियंका ने भी अमेरिका में अपने बचपन के दिनों में स्कूल में बुली होने जैसी समस्याओं का सामना किया था। डॉ. मधु चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने और उनके पति ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए शुरुआत से ही बचत करना शुरू कर दिया था, ताकि उन्हें बेहतर जिंदगी मिल सके।





# 'महारानी' बनी गैंगस्टर क्वीन! दिखेगा हुमा कुरैशी का नया अंदाज़

राजकुमार राव ने अपनी एक्टिंग से फैंस को खुश किया और बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचाया। उनकी पिछली दो फिल्मों ने इतना अच्छा प्रदर्शन किया कि हर कोई हैरान रह गया। लेकिन उनकी एक्टिंग के साथ-साथ फिल्मों में उनके डांस नंबर्स ने भी लोगों का ध्यान खींचा। तमन्ना भाटिया ने 'स्त्री 2' में धमाल मचाया तो वहीं धनश्री वर्मा ने 'भूल चूक माफ' में धमाल मचा दिया। अब वो अपनी अगली Maalik फिल्म की तैयारी कर चुके हैं। अब 11 जुलाई को उनकी फिल्म 'Maalik' आ रही है। राजकुमार राव के हिस्से में कई बड़ी फिल्में हैं। उससे पहले वो गैंगस्टर अंदाज में दिखेंगे। इसके साथ ही उनकी फिल्म में एक ऐसी एक्ट्रेस की एंट्री हुई है जो 12 फ्लॉप फिल्में दे चुकी है। वो 14 फिल्मों में नजर आ चुकी हैं जिसमें से एक सेमी हिट और एक औसत रही, बाकी सभी फ्लॉप रहीं। हालांकि उनकी वेब सीरीज 'महारानी' काफी सफल रही है। राजकुमार राव की गैंगस्टर ड्रामा फिल्म Maalik में हुमा कुरैशी की एंट्री हे चुकी है। जो फिल्म में शानदार डांस नंबर करने वाली हैं। बता दें कि हुमा कुरैशी इससे पहले 'मोनिका ओ माय डार्लिंग' में राजकुमार राव के साथ काम करती नजर आई थीं। वे एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। लेकिन इस बार वे प्रोजेक्ट में सिर्फ लाइमलाइट होंगी। अच्छी बात ये है कि वो फ्री में आइटम नंबर कर रही हैं। हुमा कुरैशी ने ये गाना सुना, उन्होंने तुरंत डांस नंबर करने की बात कह दी। उन्हें गाने की एनर्जी और बीट्स काफी पसंद आई। उन्हें राजकुमार राव की परफॉर्मेंस काफी पसंद है। फिल्म में प्रोड्यूसर जय शेवक्रमणी से उनके अच्छे रिश्ते हैं। इसलिए वे बिना किसी फीस के काम करने के लिए राजी हो गईं। हुमा कुरैशी ने न सिर्फ शूटिंग के लिए हां कह दिया है। बल्कि फाइनल डे पर वे शूटिंग पूरी करने के लिए 16 घंटे तक सेट भी होंगी। हुमा कुरैशी का कैमियो फिल्म का बड़ा हाईलाइट साबित होगा। जिसमें डांस ड्रामा के साथ दोस्ती भी दिखाई जाने वाली है।

# 'सिकंदर' के बाद नए प्रोजेक्ट की तैयारी में सलमान चित्रांगदा सिंह के साथ करेंगे काम



बॉलीवुड के दंबग सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। जो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खासा कमाल नहीं दिखा पाई। अब सिकंदर के फ्लॉप होने के बाद भाईजान अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में जुट गए है। इस फिल्म को अपूर्व लखिया डायरेक्ट करने वाले हैं। हालांकि फिल्म का टाइटल अभी सामने नहीं आया है। वहीं सलमान की इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस की तलाश भी पूरी हो गई है। रिपोर्ट्स की मानी जाए, तो अपूर्व लाखिया के डायरेक्शन में बन रही इस वॉर और एक्शन ड्रामा फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह को चुना गया है। यह पहली बार होगा जब सलमान और चित्रांगदा एक साथ काम करेंगे। एक्ट्रेस चित्रांगदा को 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'देसी ब्यॉज' और 'गब्बर इज बैक' के लिए जाना जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस को 'हाउसफुल 5' फिल्म में भी देखा गया है। चित्रांगदा की फैन फॉलोइंग भी काफी अच्छी है। उनके काम को हमेशा सराहा गया है। हालांकि उन्हें अभी तक फिल्मों के मामले में कोई बड़ा मौका नहीं मिला है। अब जब सलमान खान की फिल्म में उन्हें बतौर लीड चुना गया है तो ये उनके करियर के लिए एक बड़ा मौका साबित हो सकता है। यह फिल्म गलवान घाटी में 2020 में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित होगी। सलमान खान इस फिल्म में कर्नल बी। संतोष बाबू की भूमिका निभाएंगे, जिन्होंने उस झड़प में भारतीय सैनिकों का नेतृत्व किया था। बता दें कि जून 2020 को लद्दाख में भारत और चीन के बीच एक हिंसक झड़प हुई थी। यहां 200 भारतीय सैनिकों ने 1200 चीनी जवानों का डटकर सामना किया था।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : स्वस्थ जीवन का प्रतीक

योग एक प्राचीन भारतीय विद्या है जो शरीर, मन और आत्मा की एकता को बढ़ावा देती है। यह हमें स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जीने का तरीका सिखाती है। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। योग को अपने जीवन में लाने से संपूर्ण जीवन बदलता है यह कहना है योग गुरु सुनीता पटेल का वे बताती हैं. कि आज, जब दुनिया भर में लोग तनाव और बीमारियों से जूझ रहे हैं, योग एक प्रभावी समाधान के रूप में उभरकर आया है। यह हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, आइए हम योग को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें और एक स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण करें।



# बिजली कर्मचारी से ठेकेदार ने की मारपीट, संगठन ने की कार्रवाई की मांग

संवाददाता ● खैरागढ़



खैरागढ़ के साल्हेवारा क्षेत्र में एक ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर बिजली विभाग के एक कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है. इस घटना से आक्रोशित बिजली कर्मचारी संगठन ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है.जानकारी के अनुसार,19 जून 2025 की शाम करीब 6:30 बजे छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित में कार्यरत परिचायक (लाइन श्रेणी-3) हरीश राजपूत कंट्रोल रूम के सामने बैठे थे. तभी विभाग में ठेके पर कार्य कर रही पिकअप वाहन के ठेकेदार कर्मवीर सिंह बघेल, उसके साथी पुष्पराज सिंह और ड्राइवर राहुल मानिकपुरी वहां पहुंचे और कर्मचारी से बहस करने लगे.आरोप है कि ठेकेदार ने मेरी गाड़ी को नुकसान पहुंचाता हैह्व कहते हुए कर्मचारी को थप्पड़ मारा और फिर लात-घूंसे से बुरी तरह पीटा. इस दौरान गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई. मारपीट की यह घटना वहां मौजूद लोगों द्वारा मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर ली गई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है.

घटना के बाद पीड़ित कर्मचारी ने साल्हेवारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 294, 506, 323, 34 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है. फिलहाल मामले की जांच जारी है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, वायरल वीडियो की वैधता की भी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. घटना के बाद विभागीय कर्मचारियों में रोष व्याप्त है. कई कर्मचारी संगठनों ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है.

## मुर्गियों से भरा वाहन पलटा, घायल ड्राइवर को बचाना छोड़ मुर्गियां लूटने मची होड़



बेमेतरा। रायपुर-बिलासपुर मार्ग पर शुक्रवार को मुर्गियों से भरा वाहन सड़क किनारे पलट गया. इसके बाद लोग मुर्गियां लूटने टूट पड़े. हादसे में घायल ड्राइवर को बचाना छोड़कर ग्रामीण और राहगीर हजारों मुर्गी लूटकर ले गए. यह घटना नांदघाट थाना क्षेत्र के ग्राम टेमरी की है. वाहन में फंसे ड्राइवर को बचाने कोई आगे नहीं आया. लोग मुर्गियां लेकर भागते नजर आए. इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि किस तरह से लोग वाहन में चढ़कर मुर्गियां निकल रहे हैं.

न्यूज कॉलम

### प्रेमिका की प्रताड़ना से फांसी पर झूला युवक

जांजगीर-चाम्पा। प्रेमिका ने इस कदर प्रताड़ित किया कि युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. लेकिन मरने से पहले इंस्टाग्राम पर अपने दर्द को बयां करते हुए दुनिया-जहां को बता गया कि मरने की मुख्य वजह उसकी गर्लफ्रेंड है.मामला बलौदा थाना क्षेत्र के पोंच गांव का है. मृतक की पहचान गोपी दास महंत के रूप में हुई है. घटना की सूचना मिलने पर बलौदा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.युवक के आत्महत्या करने के बाद उसके इंस्टाग्राम पोस्ट सामने आया, जिसमें उसने अपनी मौत के पीछे अपनी प्रेमिका को जिम्मेदार ठहराया. युवक ने बताया कि बीते चार साल से युवती उसे प्रताड़ित कर रही है. युवक ने बताया कि 13 जून को प्रेमिका ने मिलने के बहाने रायपुर बुलाकर 15 हजार रुपए लिए, मना करने पर रेप के मामले में फंसाने की धमकी भी दी. आखिर में युवक ने अपने माता-पिता से माफी मांगी है.

### दुकानों के निर्माण और आबंटन में गड़बड़ी, दो सीएमओ निलंबित

सूरजपुर. हाईटेक बस स्टैंड के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकानों के निर्माण और उसके आबंटन में गड़बड़ी मामले में सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है. इस मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग छत्तीसगढ़ के अपर सचिव ने दो मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निलंबित किया है.बस स्टैंड में स्वावलंबन योजना के तहत दुकानों के निर्माण और उसके आबंटन में भारी गड़बड़ी पाई गई थी. इस मामले में सूरजपुर जिले के तत्कालीन सीएमओ बसंत बुनकर और मुक्ता सिंह चौहान पर निलंबन की कार्रवाई हुई है.

सीधे तौर पर सरकार को चुनौती...

# रिश्वतखोर जेई गिरफ्तार, एसीबी ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

संवाददाता ● लोरमी



भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही. लोरमी क्षेत्र में बिलासपुर एसीबी टीम ने 15 हजार रुपए रिश्वत लेते बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार जूनियर इंजीनियर कृष्ण कुमार गुप्ता को बिजली विभाग के दफ्तर से कुछ ही दूरी पर अउइ की टीम ने पकड़ा है.भ्रष्टाचार करने वालों को इस बात की भी तनिक परवाह नहीं कि वे किस इलाके में पदस्थ हैं, कहां काम कर रहे हैं. शायद सीधे तौर पर सरकार को चुनौती देकर भ्रष्टाचार को अंजाम देने में विश्वास रखते हैं. तभी तो केंद्रीय मंत्री तोखन साहू और पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव का भी डर जूनियर इंजीनियर को नहीं रहा, लेकिन भ्रष्टाचारियों को याद रहे कि सरकार हर जगह से नजर रख रही है. गलत किए तो बचेंगे नहीं. जानकारी के अनुसार आज पाली गांव के रहने वाले नंद कुमार साहू ने एसीबी टीम बिलासपुर में शिकायत की थी कि उसने अपने घर में बिजली कनेक्शन लगाने विद्युत विभाग लोरमी में आवेदन दिया था. 11 जून को उसके घर में विद्युत विभाग लोरमी के कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार गुप्ता गए हुए थे और अवैध रूप से बिजली जला रहे हो कहते हुए बिजली के तार को काट दिए थे. इस बीच कार्यवाही से बचने के लिए 50 हजार रुपए की मांग की गई.

बातचीत में सौदा 15 हजार रुपए रिश्वत के रूप में देने की बात जूनियर इंजीनियर गुप्ता ने कही. इसकी शिकायत पर आज पीड़ित व्यक्ति को रिश्वत रकम 15 हजार रुपए आरोपी कृष्ण कुमार गुप्ता को देने के लिए भेजा गया. आरोपी द्वारा रिश्वत की रकम अपने चारपहिया वाहन के डैशबोर्ड के नीचे के खंड में रखवाया गया, इसी दौरान उसे एसीबी की टीम ने उसे पकड़ लिया, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई.

### मुंगेली जिले में 6 माह के भीतर एसीबी की 5वीं कार्रवाई

एसीबी ने पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम जब्त की. उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्यवाही की जा रही है. बता दें कि मुंगेली जिले में 6 माह के भीतर एसीबी की यह 5वीं कार्रवाई है. इसके पूर्व प्राचार्य मालिक राम मेहर और बाबू हनी शर्मा, राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक नरेश साहू, पटवारी सुशील जायसवाल और उसके सहायक तथा पुलिस विभाग के सहायक उप निरीक्षक राजा राम साहू, पटवारी उत्तम कुर्रे के विरुद्ध एसीबी ने ट्रैप की कार्रवाई की थी. वहीं इस कार्रवाई को लेकर अउइ के अधिकारी ने कहा कि इस तरह के रिश्वतखोर अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

### दो लाख रुपए रिश्वत लेते एसीबी ने रंगे हाथों पकड़ा


जगदलपुर में भी एंटी करप्शन ब्यूरो (अउइ) ने लोक निर्माण विभाग के विद्युत यांत्रिकी डिपार्टमेंट के कार्यपालन अभियंता को दो लाख रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. अधिकारी अजय कुमार ने निविदा प्रक्रिया से पहले काम दिलाने के एवज में ठेकेदार से दो लाख रुपए एडवांस की मांग की थी. जानकारी के अनुसार ठेकेदार की शिकायत पर एसीबी ने कार्यपालन अभियंता अजय कुमार को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया. इसके बाद तय समय और तारीख के हिसाब से ठेकेदार ने शुक्रवार को जगदलपुर के साकेत कॉलोनी में स्थित अभियंता के सरकारी आवास में उसे रकम सौंपी, वैसे ही एसीबी की टीम ने अभियंता को मौके पर रंगे हाथ रिश्वत लेते धर दबोचा.

# नगर निगम और जेल प्रशासन सोता रहा दुकानदार करते रहे कब्जा, एटीएम तक संचालित




संवाददाता ● रायपुर

नगर निगम और जेल प्रशासन की नाकामी के कारण पंडरी स्थित निगम की दुकानों को तोड़कर दुकानदारों ने शासकीय जमीन पर कब्जा कर लिया. वर्षों से ये सब कुछ चलता रहा, अब शिकायत के बाद यहां नगर निगम के उड़नदस्ते ने कार्रवाई की है. (पंडरी में कब्जा) पिछले दिनों एक शिकायत नगर निगम के अधिकारियों से की गई. जिसमें ये बताया गया कि पंडरी पुराने बस स्टैंड के पास मौजूद हनुमान मंदिर के पास बिरयानी बेची जा रही है. शिकायत के बाद नगर निगम का अमला आज पंडरी पहुंचा तो पता चला कि करीब आधा दर्जन से ज्यादा दुकानदारों ने नगर निगम द्वारा बनाई गई दुकानों को तोड़कर पीछे जहां जेल है वहां कब्जा कर लिया है.ऐसी ही दुकानों पर नगर निगम ने शुक्रवार को कार्रवाई की है. जिसमें सलीम बिरयानी सेंटर, शाही लस्सी, हांडी बिरयानी समेत अन्य शामिल है. हैरानी की बात ये है कि यहां ज्यादातर दुकानों को तोड़कर मालिकों ने इसे किराये पर दे दिया है और यहां एटीएम तक संचालित है. (पंडरी में कब्जा)



## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में गिरी, कार चालक की मौके पर हुई मौत

खैरागढ़। खैरागढ़-धमधा मार्ग पर अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे पानी से भरे गड्ढे में जा गिरी. हादसे में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं दूसरा सवार घायल हो गया.जानकारी के अनुसार, ग्राम साल्हेकला ललित साहू (45 वर्ष) और अनिरुद्ध जंघेल (56 वर्ष) कार में खैरागढ़ से साल्हेकला जा रहे थे. तेज रफ्तार कार रास्ते में गाड़ाडीह के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गड्ढे में जा गिरी.गड्ढे में पानी भरा डूबने से कार चालक ललित साहू की मौके पर मौत हो गई. वहीं अनिरुद्ध जंघेल घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए खैरागढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच में जुट गई है.

## डोंगरगढ़ में मिला 6 दिन से लापता नवविवाहित जोड़ा, पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

संवाददाता ● खैरागढ़

बीते 6 दिनों से लापता नवविवाहित पति-पत्नी सकुशल मिल गए हैं। दोनों को छुईखदान पुलिस ने डोंगरगढ़ से बरामद कर आज उनके परिजनों के हवाले किया। पुलिस ने बताया कि दोनों कुछ पारिवारिक विवाद के कारण बिना किसी को बताए डोंगरगढ़ चले गए थे।जानकारी के अनुसार ग्राम मुहड़बरी निवासी नरेंद्र वर्मा (उम्र 28 साल) अपनी पत्नी ट्विंकल वर्मा (उम्र 25 साल) के साथ 14 जून को घर से निकला था। उसने परिजनों से कहा था कि वे पत्न ी के मायके ग्राम चकनार जा रहे हैं, लेकिन दोनों वहां पहुंचे ही नहीं। जब दोनों के मोबाइल भी बंद मिले तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने 17 जून को छुईखदान थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई।पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू की। आखिरकार 20 जून को पुलिस ने दोनों को डोंगरगढ़ से खोज निकाला और थाने लाकर पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि वे आपसी विवाद के कारण कुछ दिन अकेले रहना चाहते थे, इसलिए बिना किसी को बताए डोंगरगढ़ चले गए थे।



पुलिस ने पति-पत्नी को सकुशल उनके परिजनों को सौंप दिया है। छुईखदान थाना प्रभारी जितेन्द्र बंजारे ने बताया कि अब दोनों सुरक्षित हैं और परिजनों से मिलने के बाद मामला शांत हो गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की स्थिति में परिवार या पुलिस को जरूर जानकारी दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## चाकू की नोक पर किया अपहरण, फिर फोनपे से ट्रांसफर कराए एक लाख

संवाददाता ● डोंगरगढ़


अपराधी अब डिजिटल तरीकों से भी लूट को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला डोंगरगढ़ से सामने आया है, जहां अज्ञात बदमाशों ने हाईटेक अंदाज में एक बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया है. आरोपियों ने चाकू की नोक पर न केवल युवकों को अगवा किया, बल्कि उनसे फोन पे के जरिए लाखों रुपए भी लूट लिए. पीड़ित युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.।

मिली जानकारी के मुताबिक, डोंगरगढ़ के कालका पारा निवासी असगर खान अपने एक साथी युवक के साथ रात में कहीं से लौट रहे थे. इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और चाकू की नोक पर उनका अपहरण कर सुनसान इलाके में ले गए. आरोपियों ने मोबाइल फोन छीनकर असगर खान के फोन पे (ढँङ्गल्लीढी) से जबरन 1 लाख 5 हजार रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए.

बताया जा रहा है कि इस दौरान आरोपियों ने युवकों के साथ मारपीट की कोशिश भी की, लेकिन मौका पाकर दोनों युवक अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकले और सीधे डोंगरगढ़ थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है. साइबर सेल की मदद से ट्रांजेक्शन डिटेल्स भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके. पुलिस ने जल्द आरोपियों को पकड़ने का भरोसा दिलाया है. इस मामले में डोंगरगढ़ थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुछ सुराग मिले हैं. जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

# मशरूम बिनने गए मां-बेटे समेत 4 लोग बाढ़ में बहे, तलाश जारी



संवाददाता ● सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले की मैनी नदी में गुरुवार शाम अचानक आई बाढ़ में मां-बेटे समेत 4 लोग पानी में बह गए. यह घटना शाम करीब 5:30 बजे से 6 बजे के बीच की है. सभी लोग ढोड़ागांव के निवासी थे और पास के जंगल में पुटू (जंगली मशरूम) बीनने गए थे. लौटते समय नदी में अचानक बाढ़ आ गई और चारों लोग उसकी चपेट में आ गए. जानकारी के अनुसार, लापता लोगों की पहचान सोमारी (45 वर्ष), उनकी 8 वर्षीय बेटी अंकिता, बिनावती (30 वर्ष) और तीन साल का मासूम आरयस है. हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. देर रात तक लापता लोगों का कोई सुराग नहीं मिल सका था.बता दें, प्रदेश में मानसून पूरी तरह सक्रिय हो गया है. सरगुजा संभाग में बीते कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है, जिससे नदियों और नालों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है. मौसम विभाग ने आज सुबह ही सूरजपुर, कोरिया और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी जिले में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट और सरगुजा समेत कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है. राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में रुक-रुक कर हल्की बारिश हो रही है. प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान नदी-नालों के पास जाने से बचें और सतर्क रहें. ग्रामीण इलाकों में पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार निगरानी कर रही है.

## पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर विधवाओं से 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली,

संवाददाता ● राजिम




विधवा महिलाओं ने पेंशन प्रकरण के नाम पर विभाग के बाबू पर 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाया है. महिलाओं ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से ही थी. मामले में गठित प्रशासन के जांच दल पीड़ितों के बयान लिए हैं।

दो बेवा आदिवासी महिलाओं ने गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के दो बाबू खोरबाहरा राम ध्रुव और मजहर खान पर पेंशन प्रकरण बनने के नाम पर 2-2 लाख रुपए की अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक और जिला शिक्षा अधिकारी से की है. हरकत में आए प्रशासन ने जांच टीम गठित कर पीड़ितों से ब्यान लिए हैं. मामले में पीड़ित मृतक शिक्षक गेसराम कंवर की बेवा 4 साल से पेंशन के लिए भटक रही हैं, जिनसे विभाग के बाबू ने पेंशन प्रकरण बनाने के नाम पर चेक से 2 लाख 80 हजार रुपए निकाल लेने की बात कह रही है. वहीं चेनसिंह दीवान की बेवा ने बाबू के मांगने पर नगद 2 लाख रुपए देने की बात कही है.




**बच्चों की दुनिया में पहुंचे बड़े लोग... पॉप मार्ट के थीम पार्क पॉप लैंड का दौरा करते समय मोकोको नामक पात्र के बगल में तस्वीर खिंचवाती एक महिला।**

## शॉट न्यूज

### युवक को जंजीर से बांधा, टीआई सस्पेंड

**बालासोर**। ओडिशा के बालासोर जिले के भोगराई थाने में एक युवक को बिना किसी एफआईआर दर्ज किए दो दिन तक लोहे की जंजीरों में बांधकर रखा गया। पीड़ित को बाइक के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के मामले में हिरासत में लिया गया था। इस पूरे मामले की जानकारी तब सामने आई, जब कार्तिक की पत्नी ने स्थानीय भाजपा नेता अशीष पात्रा को मामले की सूचना दी। इसके बाद आशीष पात्रा ने यह मुद्दा बालासोर के सांसद प्रताप सारंगी तक पहुंचाया। कल जब सांसद सारंगी भोगराई के दौरे पर पहुंचे तो उन्होंने खुद थाने जाकर कार्तिक की हालत देखी। थाने में पीड़ित के हाथ-पैर में बेड़ियां पड़ी थीं। उसे देखकर सांसद ने तुरंत बालासोर एसपी राज प्रसाद को वीडियो कॉल कर स्थिति की लाइव जानकारी दी। सासंद के हस्तक्षेप के बाद तत्काल प्रभाव से कार्तिक को मेडिकल जांच के लिए भेजते हुए रिहा कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने सफाई देते हुए कहा कि थाने में स्टाफ की कमी के चलते उसे जंजीरों में बांधना पड़ा।

### सरकारी नौकरी मिलते ही प्रेमी के लिए छोड़ा पति

**गोरखपुर**। गोरखपुर के पिपराइच में एक युवक का तलाक केस चर्चा में है। युवक ने लव मैरेज कर शादी की। पत्नी को पढ़ाई के लिए पूरा समय दिया। पढ़ाई में रुपयों की कमी न आने पाए इसके लिए वह सऊदी चला गया और पत्नी को नौकरी भी मिल गई। लिपिक की नौकरी पाने के बाद वह पति से कन्नी काटने लगी। सऊदी से पति लौटा तो अपने पत्नी के नाम से जमीन भी खरीद दिया, लेकिन पत्नी को अब कोई और पसंद आ गया है। पत्नी ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी मगर युवक पति-पत्नी के रिश्ते को बचाने की कोशिश में लगा है। अपने बच्चे को एसपी दफ्तर पहुंचा पति फफक-फफक कर रोने लगा और प्रार्थना पत्र दिया। एसपी ने पूरे प्रकरण की जांच सीओ चौरीचौरा को सौंपी है। पिपपराइच के युवक ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है कि वह पत्नी से बहुत प्रेम करता है। उसके तीन बच्चे भी हैं, लेकिन पत्नी अब उसके साथ नहीं रहना चाहती।

### पाकिस्तान ने फिर माना ऑपरेशन सिंदूर की तबाही

# भारत ने नूर खान-शोरकोट एयरबेस तबाह किए : इशाक डार

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने पहली बार माना है कि भारत ने उनके दो बड़े एयरबेस नूर खान और शोरकोट एयरबेस पर हमला किया था। डार ने जियो न्यूज पर खुलासा करते हुए बताया कि 6-7 मई की रात को पाकिस्तान जवाबी हमला करने की तैयारी कर रहा था, तभी भारत ने दोबारा स्ट्राइक कर दी और नूरखान-शोरकोट एयरबेस को निशाना बनाया। इससे पहले पाकिस्तान सरकार और सेना ने भारत के हमले की बात को नकारा था। हालांकि, कुछ समय बाद पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने और अब डिप्टी पीएम इशाक

**तबाही**



डार ने हमलों की पुष्टि कर दी है। वहीं, डार ने सीजफायर के पीछे सऊदी प्रिंस की पहल होने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि, '6-7 मई की रात को हमले के 45 मिनट बाद सऊदी प्रिंस ने फोन कर भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया था, फिर हमारे हां कहने पर उन्होंने भारत से बातचीत की थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है।

#### सऊदी ने तनाव कम करने की कोशिश की

डिप्टी पीएम डार ने कहा, "भारत ने नूर खान एयरबेस पर हमला किया तब सऊदी प्रिंस ने फोन पर कहा कि आप कहो तो विदेश मंत्री एस जयशंकर से बात करता हूं कि पाकिस्तान युद्धविराम के लिए तैयार हैं और वो भी रुक जाएं, तो मैंने कहा कि जरुर करिए, और उन्होंने बात करके मुझे फोन किया।


#### भारत ने हमारे 2 बड़े एयरबेस पर हमला किया

इशाक डार ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से हमारी बात हो गई थी। उन्होंने फोर्सेज को रेडी रहने को कह दिया था। सब डिसाइड हो गया था कि हमें क्या रोलआउट करना है। हम भारत पर सुबह 4 बजे के बाद बड़ा हमला करने वाले थे, लेकिन इससे पहले ही भारत ने रात के ढाई बजे दोबारा हरकत कर दी और उन्होंने नूरखान, शोरकोट एयरबेस समेत कई जगहों पर हमला कर दिया।

## पाकिस्तान ने दुबई के बैंकों से लिया 1 अरब डॉलर का कर्ज

**इस्लामाबाद ● एजेंसी**

गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपने जरूरी खर्चों को पूरा करने के लिए अब दुबई के बैंकों से 1 अरब डॉलर (लगभग 8,600 करोड़) का नया कर्ज लिया है। यह फंड 'सिंडिकेटेड टर्म फाइनेंस' के तहत पांच साल की अवधि के लिए लिया गया है, जिसे कई बैंकों ने मिलकर फाइनेंस किया है। पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के मुताबिक, इस कर्ज व्यवस्था में शामिल प्रमुख बैंक हैं: दुबई इस्लामिक बैंक (एकमात्र वैश्विक समन्वयक),



स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक (लीड अरेंजर), अबू धाबी इस्लामिक बैंक, शारजाह इस्लामिक बैंक, अजमान बैंक, एचबीएल (हबीब बैंक लिमिटेड)ये सभी बैंक मिलकर पाकिस्तान को एक अरब डॉलर का लोन दे रहे हैं, जिसे पांच वर्षों में चुकाना होगा।

## आखिरी इंपोर्टेड वॉरशिप INS तमाल 1 को नौसेना में होगा शामिल

**नई दिल्ली ● एजेंसी**

नौसेना के इतिहास में 1 जुलाई 2025 एक खास दिन के रूप में दर्ज हो जाएगा। इस तारीख के बाद विदेश में बना कोई भी वॉरशिप नौसेना में शामिल नहीं होगा। यानी अब सब कुछ स्वदेशी होगा और आत्मनिर्भर भारत के तहत होगा। नौसेना का आखिरी इंपोर्टेड वॉरशिप 'तमाल' 1 जुलाई को नौसेना में आधिकारिक तौर पर शामिल कर लिया जाएगा। यह दुनिया का सबसे घातक मल्टी रोल स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है, जिसे रूस के यांतर शिपयार्ड में तैयार किया गया है। इस वॉरशिप से दुनिया की सबसे खतरनाक एंटी शिप मिसाइल ब्रह्मोस को दागी जा सकेगी।

**यह सबसे घातक** - तमाल एक तरह की तलवार को कहा जाता है। उसी तलवार की धार जैसी इस वॉरशिप की मार भी होने वाली है। तमाल




समंदर में 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे की रफ्तार से मूव कर सकता है। इससे एंटी शिप ब्रह्मोस मिसाइल फायर किया जा सकता है। तमाल 3000 किमी तक की दूरी एक बार में तय कर सकता है। एंटी सबमरीन वॉरफेयर के लिए भी इसे खास तौर पर डिजाइन किया गया है। दुश्मन की सबमरीन के हमलों से निपटने के लिए एंटी सबमरीन रॉकेट्स और टॉरपीडो भी इस वॉरशिप में मौजूद हैं। इस वॉरशिप पर एक हेलीकॉप्टर को भी तैनात किया जा सकता है. इसका वजन 3900 टन है।

**वॉरशिप की आखिरी विदेशी डील** - साल 2016 में भारत और रूस के बीच 4 तलवार क्लास स्टेल्थ फ्रिगेट्स बनाने के लिए समझौता हुआ था, जिनमें से दो रूस में और दो भारत में बनने थे। इस डील का दूसरा वॉरशिप भी तैयार हो चुका है। रूस में बनने वाले दो वॉरशिप में से पहला INS तुशिल पहले ही भारतीय नौसेना में शामिल किया जा चुका है। खुद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 9 दिसंबर 2024 को रूस जाकर इसे आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल किया। तुशिल 12,500 मील से अधिक की यात्रा करते हुए 8 देशों से होते हुए भारत पहुंच चुका है।

### यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पढ़ रहा था चीनी छात्र, वीडियो भी बनाए

# 60 से अधिक लड़कियों को बेहोश कर पीएचडी छात्र ने किया गंदा काम

**लंदन ● एजेंसी**

पीएचडी के एक छात्र को दर्जनों महिलाओं से रेप करने और रेप का वीडियो बनाने की जुर्म में 24 साल की सजा सुनाई गई है। इस रेप कांड ने मानवता को शर्मसार कर दिया था। यह घटना ब्रिटेन के इतिहास में सबसे खतरनाक मानी जाती है। चीनी नागरिक झेनहाओ झोउ वर्षों से महिलाओं के रेप कर रहा था। एक रिपोर्ट के अनुसार, झोउ ने दर्जनों महिलाओं को नशीला पदार्थ देकर उनका बलात्कार किया और उस दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग भी की। झोउ की उम्र महज 28 साल की है। वह यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में पीएचडी का छात्र था। वह महिलाओं को पढ़ाई या ड्रिंक के बहाने अपने फ्लैट में बुलाता था।

**घटना**

इसके बाद उन्हें नशीला पदार्थ देकर उनके साथ बलात्कार करता और गुप्त कैमरों से उसकी रिकॉर्डिंग करता था। मार्च में उसे लंदन में तीन और चीन में सात महिलाओं के बलात्कार का दोषी पाया गया। पुलिस का मानना है कि 2019 से 2024 के बीच उसने 60 से अधिक



महिलाओं का रेप किया। पुलिस के अनुसार, झोउ के डिवाइस से 58 रेप वीडियो बरामद हुए हैं। इन वीडियो में कई महिलाओं ने बेहोशी से पहले उसे रुकने के लिए और अपनी असहमति जाहिर की थी। एक वीडियो में एक महिला कहती है, मैं सच में ऐसा नहीं चाहती हूं। मैं तुमसे विनती करती हूं। ऐसा मत करो। झोउ का जवाब था, मुझे मत रोको। इसका कोई फायदा नहीं। यहां की साउंडप्रूफिंग बहुत अच्छी है।

18 नवंबर 2023 को मेट्रोपॉलिटन पुलिस को पहली बार झोउ के खिलाफ शिकायत मिली थी। शुरुआती जांच बंद होने के बाद वह चीन भाग गया। जनवरी 2024 में लौटते समय उसे गिरफ्तार किया गया। उसके फ्लैट से महंगे डिजाइनर सामान और एक डिब्बा बरामद हुआ, जिसमें कथित तौर पर पीड़ित महिलाओं की स्मृतियां रखी गई थीं। झोउ को कुल 28 अपराधों में दोषी ठहराया गया, जिनमें 11 रेप, झूठी कैद, वॉयुरिज्म, अश्लील एवं हिंसक पोर्नोग्राफी को रखना और यौन अपराधों में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की अवैध मौजूदगी शामिल है। मेट पुलिस के कमांडर केविन साउथवर्थ ने कहा, हमारे अधिकारियों और अभियोजकों की मेहनत के कारण अब यह खतरनाक और कायर अपराधी कम से कम अगले 24 वर्षों तक जेल में रहेगा। हमें उम्मीद है कि इससे पीड़ित महिलाओं को कुछ हद तक न्याय की अनुभूति होगी। कोर्ट में पेशी के दौरान झोउ सूट और चश्मे में शांत दिख रहा था।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)